RNI NO. PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS



वामीका गब्बी ने साझा किया अनुभव

पेज 07

VOL: 03 | ISSUE 105 | SATURDAY DATE 09-05-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## दिल्ली के उपराज्यपाल टीएस संधू का संकल्प: यमुना साफ होगी, संस्कृति और विकास को मिलेगा बढ़ावा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 08 मई।**

यमुना नदी को साफ करने का संकल्प लेते हुए उपराज्यपाल टीएस संधू ने शुक्रवार को दिल्ली के भविष्य के विकास के पांच जरूरी स्तंभों के रूप में स्थिरता, समावेश, संस्कृति, नवाचार, आर्थिक विकास और करुणा की पहचान की। जेएनयू के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज (एसआईएस) में आयोजित एक सम्मान समारोह में उपराज्यपाल ने इस बात पर जोर दिया कि शासन व्यवस्था को जवाबदेह, सुलभ और मानवीय होना चाहिए। एलजी ने वायु प्रदूषण, यमुना नदी की सफाई, जल निकायों का पुनरुद्धार, प्रभावी कचरा प्रबंधन, सतत गतिशीलता और हरित आवरण में वृद्धि को दिल्ली के शहरी विजन



के लिए केंद्रीय मुद्दे बताया। उन्होंने कहा कि यमुना को न केवल साफ किया जाना चाहिए, बल्कि इसे इस शहर की एक जीवंत पारिस्थितिक और सांस्कृतिक जीवनरेखा के रूप में पुनर्जीवित भी किया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि इसके साथ ही, मजबूत सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, पैदल चलने वालों के लिए अनुकूल सड़कें, साइकिल चलाने के लिए बुनियादी ढांचा और एकीकृत शहरी नियोजन दिल्ली के बदलाव के अगले चरण को परिभाषित करेंगे। एलजी ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार और लोगों को केवल तात्कालिक उपायों से आगे बढ़कर दीर्घकालिक पर्यावरणीय नियोजन के प्रति प्रतिबद्ध होना होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सीबीआई ने घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी के मामले में छठी चार्जशीट की दाखिल

**नोएडा, यूटर्न/ 08 मई।** घर खरीदारों के साथ बड़े पैमाने पर हो रही धोखाधड़ी की चल रही जांच में एक और अहम घटनाक्रम सामने आया है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने नोएडा में स्थित एक हाउसिंग प्रोजेक्ट से जुड़ी कथित धोखाधड़ी की गतिविधियों के सिलसिले में मेसर्स शुभकामना बिल्डटेक प्रा. लिमिटेड और उसके निदेशकों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। सीबीआई की जांच में सामने आया कि आरोपी बिल्डर कंपनी और उसके निदेशकों ने कथित तौर पर एक आपराधिक साजिश के तहत भोले-भाले घर खरीदारों को झूठे आश्वासनों, गुमराह करने वाले बयानों और भ्रामक वादों के जरिए फंसाया। इस तरह उन्होंने बेईमानी से वित्तीय लाभ कमाया, जिससे घर खरीदारों को भारी नुकसान हुआ। यह चार्जशीट सक्षम न्यायालय में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की उन संबंधित धाराओं के तहत दाखिल की गई है, जो आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और उकसावे से संबंधित हैं।

### पाकिस्तान को सुधारने के लिए कठोर कदम जरूरी : राघव चड्ढा

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 08 मई।** राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो संदेश जारी किया। इस वीडियो में सांसद ने पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को लेकर कड़ा बयान दिया है। अपने संदेश में उन्होंने देशवासियों से एकजुट रहने की अपील करते हुए भारतीय सेना के साहस और पराक्रम की सराहना की। जय हिंद साथियों से वीडियो संदेश की शुरूआत करते हुए चड्ढा ने कहा कि पड़ोसी बदले नहीं जा सकते लेकिन अगर पड़ोसी पाकिस्तान जैसा हो तो उसे सही रास्ते पर लाने के लिए कठोर कदम उठाना जरूरी हो जाता है। उन्होंने कहा कि भारत इस समय केवल पाकिस्तान से नहीं बल्कि क्रूरता, बर्बरता और आतंकी मानसिकता के खिलाफ एक व्यापक लड़ाई लड़ रहा है। उन्होंने भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता का जिक्र करते हुए कहा कि इस बार आतंकवाद का पूरी तरह खात्मा होकर रहेगा।

## रेखा गुप्ता का स्कूल निरीक्षण

### फायर ऑडिट से लेकर साफ-सफाई तक जांच के निर्देश

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 08 मई।**

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को राजकीय सर्वोदय विद्यालय, रूप नगर का औचक निरीक्षण किया। क्लासरूम में स्टूडेंट्स के साथ लंबी बातचीत में उनसे पेयजल, फायर सेफ्टी, स्वच्छता, गर्मी को लेकर दी जा रही सुविधाओं और शैक्षणिक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने दिल्ली के सभी सरकारी स्कूल की बिल्डिंग और फेयर सेफ्टी ऑडिटक का आदेश दिया। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि विद्यार्थियों की सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। स्कूल प्रशासन से आवश्यक सुधार कार्यों की विस्तृत सूची मांगी गई है।

दिल्ली के सरकारी स्कूल वर्षों से कुव्यवस्था, बदहाल इंफ्रास्ट्रक्चर और मूलभूत सुविधाओं की कमी की मार झेल रहे थे। लेकिन पिछले एक साल से हम लगातार स्कूलों में आवश्यक सुविधाएं मजबूत करने, इंफ्रास्ट्रक्चर सुधारने और विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित एवं बेहतर वातावरण सुनिश्चित करने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रहे हैं।



### दिल्ली-फरीदाबाद मेमू रेल सेवा से हजारों दैनिक यात्रियों को मिलेगी राहत

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अनुरोध पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिल्ली और फरीदाबाद के बीच नई मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (एमईएमयू) रेल सेवा के संचालन को मंजूरी दे दी है। इस निर्णय का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री को धन्यवाद दिया और कहा कि यह नई सेवा दिल्ली और फरीदाबाद के बीच प्रतिदिन यात्रा करने वाले हजारों लोगों को महत्वपूर्ण राहत प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि फरीदाबाद और आसपास के इलाकों से बड़ी संख्या में लोग काम, शिक्षा, व्यापार और अन्य उद्देश्यों के लिए प्रतिदिन दिल्ली आते-जाते हैं। लंबे समय से निवासी और नियमित यात्री अतिरिक्त और अधिक सुविधाजनक रेल संपर्क की मांग कर रहे थे। मौजूदा परिवहन नेटवर्क पर भारी दबाव के कारण यात्रियों को अक्सर भीड़भाड़, देरी और असुविधा का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि एमईएमयू (मेमू) सेवा शुरू होने से यात्रियों को एक तेज, किफायती और अधिक सुलभ सार्वजनिक परिवहन विकल्प मिलेगा। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि दिल्ली सरकार नागरिकों की दैनिक आवागमन संबंधी समस्याओं के समाधान और परिवहन अवसंरचना में सुधार के लिए केंद्र सरकार के साथ मिलकर काम कर रही है।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में बंगाल का सर्वांगीण विकास होगा: वीरेंद्र सचदेवा

» **ऋषिकेश, यूटर्न/ 08 मई।**

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार के गठन को लेकर कहा कि बंगाल में पीएम मोदी के नेतृत्व में सर्वांगीण विकास होगा।

ऋषिकेश में आईएएनएस से बातचीत में दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि बंगाल की भाजपा सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि प्रदेश की जनता से चुनाव के दौरान किया गया वादा पूरा किया जाए। हमारी सरकार सभी को साथ लेकर चलेगी और एक बेहतर सरकार देगी, जहां सिर्फ सुशासन ही होगा।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 9 मई को होना हमारे लिए बहुत खास है। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की धरती पर जिस विचार को उन्होंने जन्म दिया था, आज उनकी शहादत को भी हम सलाम करते हैं, कि आज वह विचार उस धरती पर पूरा हो रहा है। हर कार्यकर्ता के लिए भावनात्मक वह दिन है।

वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि बंगाल जो विकास की दृष्टि से बहुत पिछड़ गया था जो कुशासन और घुसपैठ के लिए जाना जाता था। उसे विकास की पटरी पर लाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



के नेतृत्व में अब उस बंगाल का सर्वांगीण विकास होगा।

उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता को एक अच्छी सरकार देने के लिए हमारे हमारे सभी कार्यकर्ता प्रतिबद्ध हैं और हम बंगाल की जनता को यह आश्वासन देना चाहते हैं कि हमारा बंगाल सुंदर, सोनार बंगाल बनेगा। इसके साथ ही साथ बंगाल के हर व्यक्ति को उसका अधिकार मिलना चाहिए। इसके लिए भारतीय जनता पार्टी काम करेगी। सचदेवा ने कहा कि यह हमारे लोकतंत्र की खूबसूरती है कि हर क्षेत्र के लोग अपने फैसले खुद लेते हैं, और इसे स्वीकार किया जाना चाहिए। पांच राज्यों में से, हम बंगाल में सरकार बनाने में सफल रहे हैं। असम में, तीसरी बार सरकार बनी है। पुडुचेरी में, दूसरी बार सरकार बनी है। तमिलनाडु और केरल में, भारतीय जनता पार्टी को पहले के मुकाबले ज्यादा समर्थन मिला है।

## बंगाल फिर बनेगा व्यापार, उद्योग और रोजगार का केंद्र: खंडेलवाल

» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 08 मई।**

कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा है कि पश्चिम बंगाल फिर से व्यापार, उद्योग और रोजगार का केंद्र बनेगा।



श्री खंडेलवाल ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि व्यापार एवं उद्योग जगत अब राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार बनने की संभावना के साथ नयी आशा और विश्वास से भर गया है। पिछले 15 वर्षों में राज्य में उद्योग, व्यापार, सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई), पारंपरिक कारोबार और उद्यमिता को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

नीति अस्थिरता, निवेशकों का घटता विश्वास, उद्योगों का पलायन, सिंडिकेट संस्कृति, प्रशासनिक दबाव और कमजोर औद्योगिक वातावरण ने बंगाल की ऐतिहासिक औद्योगिक पहचान को कमजोर किया।

श्री खंडेलवाल ने कहा कि एक समय देश के प्रमुख औद्योगिक राज्यों में गिने जाने वाला पश्चिम बंगाल आज निवेश, रोजगार और औद्योगिक विकास की दौड़ में पीछे चला गया है।

हजारों एमएसएमई इकाइयाँ बंद हुईं या अन्य राज्यों में स्थानांतरित हो गईं।

व्यापारियों, छोटे उद्योगों, कारीगरों और पारंपरिक क्षेत्रों को पर्याप्त संरक्षण एवं प्रोत्साहन नहीं मिला, विशेष रूप से चाय, जूट, हैंडलूम, चमड़ा, मिठाई उद्योग और छोटे व्यापार से जुड़े लाखों लोगों को बढ़ती लागत, जटिल नियमों और कमजोर बुनियादी ढांचे का सामना करना पड़ा।

## दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा ने सोनिया विहार में 70 लाख रुपए की परियोजना का उद्घाटन किया

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 08 मई।**

दिल्ली के कला, संस्कृति एवं भाषा, पर्यटन एवं श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री विकास कोष के अंतर्गत राष्ट्रीय राजधानी के सोनिया विहार स्थित थर्ड पुश्ता मार्केट में 70 लाख रुपए की लागत से निर्मित सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली के लिए एक नया मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है और निवासियों को ओ-जोन से संबंधित प्रतिबंधों से राहत दिलाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंत्री मिश्रा ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ के अवसर पर पूर्ण हो चुकी लिंक लेन को जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा दिखाए गए वीरतापूर्ण



उदाहरण के एक वर्ष पूरे होने पर पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और सशस्त्र बलों के साहस को सलाम कर रहा है। मंत्री मिश्रा ने आगे कहा कि एक वर्ष पहले, 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से भारतीय सेना ने आतंकवादियों में ऐसा भय पैदा कर दिया था कि जो लोग कभी सबूत मांगते थे, वे भी अब सशस्त्र बलों को बधाई दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विश्व इतिहास में पहली बार, एक राष्ट्र के सशस्त्र बलों ने परमाणु-सशस्त्र देश की सीमा में प्रवेश किया और आतंकवादियों को सबक सिखाया।

मंत्री मिश्रा ने उल्लेख किया कि एक वर्ष पूर्व सर्जिकल स्ट्राइक इस प्रकार की गई थी कि 90 मिनट के भीतर पाकिस्तान के 11 सैन्य हवाई अड्डों को नष्ट कर दिया गया और भारतीय सशस्त्र बल सुरक्षित लौट आए। उन्होंने कहा कि अब पश्चिम बंगाल की जनता ने 4 मई को सनातन मूल्यों के विरोधी बलों के विरुद्ध एक और 'सर्जिकल स्ट्राइक' की है।

उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के चुनाव परिणामों के माध्यम से देश की जनता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जो भी सनातन के विरुद्ध बोलेगा, उसे जनता नकार देगी। करवाल नगर में विकास कार्यों का विवरण देते हुए मंत्री मिश्रा ने कहा कि पिछले एक वर्ष में इस विधानसभा क्षेत्र में 300 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### महिला सुरक्षा पर एनसीआरबी आंकड़ों ने खोली मोदी सरकार की पोल : खरगे

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 08 मई।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मोदी सरकार पर कानून-व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा के मोर्चे पर विफल रहने का आरोप लगाते हुए कहा है कि पिछले 12 वर्षों में सरकार के दावों की वास्तविकता देश के सामने आ चुकी है। श्री खरगे ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया कि 2013 के बाद से महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 42.6 प्रतिशत, बच्चों के खिलाफ अपराधों में 204.6 प्रतिशत, दलितों के खिलाफ अत्याचारों में 41.3 प्रतिशत तथा आदिवासियों के खिलाफ अपराधों में 46.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने साइबर अपराधों में हुई बढ़ोतरी का भी जिक्र किया और कहा कि इस अवधि में साइबर अपराधों में 1,689 प्रतिशत का भारी इजाफा हुआ है। उनका यह भी कहना था कि 2024 में 10,546 किसानों, 52,931 दिहाड़ी मजदूरों और 14,488 विद्यार्थियों ने आत्महत्या की है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार कानून-व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा के बड़े-बड़े दावे करती रही, लेकिन वास्तविक आंकड़े इन दावों की पोल खोलते हैं।

### सुवेंदु अधिकारी के निजी सहायक की हत्या एक सुनियोजित और साजिश के तहत की गई : शहजाद पूनावाला

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 08 मई।** पश्चिम बंगाल की राजनीतिक हिंसा को लेकर भाजपा ने एक बार फिर तृणमूल कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने दावा किया कि भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक सुवेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की हत्या एक सुनियोजित और साजिश के तहत की गई कॉन्ट्रैक्ट किलिंग है। शहजाद पूनावाला ने आईएएनएस से कहा कि यह घटना पश्चिम बंगाल में टीएमसी के जंगलराज, राजनीतिक नफरत, राजनीतिक प्रतिशोध और राजनीतिक हिंसा का सीधा परिणाम है। उन्होंने आरोप लगाया कि सिर्फ सुवेंदु अधिकारी के पीए ही नहीं, बल्कि भाजपा कार्यकर्ता रोहित रॉय को भी गोली मारी गई। इसके अलावा पार्टी के दो-तीन अन्य कार्यकताओं की भी हत्या की गई है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 से 12 वर्षों में 300 से अधिक भाजपा कार्यकताओं की हत्या टीएमसी से जुड़े लोगों द्वारा की गई है। शहजाद पूनावाला ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ने राजनीतिक हिंसा को संस्थागत रूप दे दिया है। भाजपा प्रवक्ता ने टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के एक बयान का भी जिक्र किया।

# दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों को दिए स्पष्ट निदेर्शः उपायुक्त

» **निर्मल सिंह**



पानीपत, यूटर्न/ 08 मई। जिला सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में शुक्रवार को दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम -2016 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने करते हुए कहा कि दिव्यांग जनों के अधिकारों की रक्षा और उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। बैठक में जिले में दिव्यांगजनों को दी जा रही सुविधाओं, योजनाओं और अधिकारों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने कहा कि दिव्यांग जनों को समाज की मुख्यधारा से जोडना प्रशासन की प्राथमिकता है। उपायुक्त ने कहा कि सरकारी कार्यालयों, सार्वजनिक स्थलों और संस्थानों में दिव्यांगजन-अनुकूल सुविधाएं सुनिश्चित करना सभी विभागों की जिम्मेदारी है। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दिव्यांगजनों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से पात्र लोगों तक पहुंचे।

बैठक में सबसे पहले जिले में सरकारी इमारतों, बस अड्डों, पार्कों और अस्पतालों में रैंप, रेलिंग तथा दिव्यांगजन-अनुकूल शौचालयों की उपलब्धता और स्थिति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सडक) के कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि सभी सार्वजनिक भवनों का सुगम्यता निरीक्षण कराया जाए और जहां कमियां हैं उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों की सुविधा के अनुरूप आधारभूत ढांचे का विकास सुनिश्चित किया जाए। बैठक में यूनिक दिव्यांग पहचान पत्र (यूडीआईडी) की प्रगति पर भी विस्तार से चर्चा हुई। उपायुक्त को अधिकारियों ने बताया कि जिले में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन यूडीआईडी कार्ड बनवा चुके हैं, जबकि लंबित आवेदनों के निपटान की प्रक्रिया जारी है। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को निर्देश दिए कि गांव और खंड स्तर पर विशेष शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक पात्र लोगों के यूडीआईडी कार्ड बनाए जाएं ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके। बैठक में शिक्षा और छात्रवृत्ति संबंधी विषयों पर चर्चा करते हुए सरकारी स्कूलों में विशेष शिक्षकों की उपलब्धता तथा दिव्यांग विद्यार्थियों को दी जा रही छात्रवृत्तियों की समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि दिव्यांग बच्चों की शिक्षा में किसी प्रकार की बाधा न आने दी जाए और छात्रवृत्ति वितरण की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाया जाए। रोजगार और आरक्षण के मुद्दे पर उपायुक्त ने जिला स्तर के सरकारी विभागों में दिव्यांगजनों के लिए निर्धारित चार प्रतिशत आरक्षण के अनुपालन की समीक्षा की। उन्होंने जिला रोजगार अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी विभागों में आरक्षण नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए।

# डीएसबी इंटरनैशनल पब्लिक स्कूल की उपलब्धियों के लिए

## श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने की सराहना



### डीएसबी इंटरनैशनल पब्लिक स्कूल की उपलब्धियों का श्रेय शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की कुशल प्रतिभा को है : ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी

» **अश्विनी वालिया**

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 08 मई। किसी भी संस्था की उपलब्धियों एवं सफलता का श्रेय उसमें मेहनत से कार्य करने वाली लोगों की मेहनत एवं प्रतिभा को होता है। देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से आधुनिक एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा के उद्देश्य से स्थापित डीएसबी इंटरनैशनल पब्लिक स्कूल को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों, आधुनिक सुविधाओं युक्त भव्य परिसर एवं श्रेष्ठ शैक्षणिक वातावरण के लिए हालही में प्रतिष्ठित स्कूल एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल विज द्वारा प्रदान किया गया। यह गौरवपूर्ण सम्मान स्कूल प्रिंसिपल एन सिंह एवं श्री जयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने प्राप्त किया। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार, विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं समस्त क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने डीएसबी इंटरनैशनल पब्लिक स्कूल की स्थापना के अल्पकाल में ही शिक्षा, खेल, विज्ञान, सांस्कृतिक एवं अन्य क्षेत्रों में अनेकों उपलब्धियों के लिए खुली सराहना की है। उल्लेखनीय है कि डीएसबी इंटरनैशनल पब्लिक स्कूल परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी सानिध्य एवं मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। विद्यालय अपने विशाल एवं भव्य प्रांगण, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, उच्च स्तरीय शिक्षा व्यवस्था, अनुशासन, संस्कार एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विशेष पहचान बना रहा है। ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने कहा कि सम्मान केवल विद्यालय का नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, संस्कारयुक्त शिक्षा और समाजसेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का सम्मान है। उन्होंने कहा कि श्री जयराम संस्थाओं का उद्देश्य केवल शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि ऐसे आदर्श नागरिक तैयार करना है जो राष्ट्र, समाज और संस्कृति के प्रति समर्पित हों।

उन्होंने विद्यालय परिवार को आशीर्वाद देते हुए कहा कि अल्पकाल में ही स्कूल की उपलब्धियां आने वाले समय में और अधिक उत्कृष्ट कार्यों की प्रेरणा बनेगी। उन्होंने स्कूल की उपलब्धियों का श्रेय समर्पित शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं श्री जयराम संस्थाओं के सतत मार्गदर्शन को दिया। यह उपलब्धियां संस्थान की गुणवत्ता, उत्कृष्टता और शिक्षा के प्रति समर्पण का प्रमाण है। डीएसबी इंटरनैशनल पब्लिक स्कूल निरंतर शिक्षा, संस्कार और आधुनिकता के समन्वय के साथ क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है।



# दिल्ली में नकली सीमेंट बनाने वाली दो अवैध फैक्ट्रियों का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 08 मई।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली में नकली अल्ट्राटेक सीमेंट बनाने और पैक करने में कथित तौर पर शामिल दो अवैध फैक्ट्रियों का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इन फैक्ट्रियों से बड़ी मात्रा में नकली सीमेंट के बैग, मिलावटी सामान और इस काम में इस्तेमाल होने वाली मशीनरी बरामद की है। क्राइम ब्रांच द्वारा शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड से मिली एक शिकायत के बाद मंडोली इंडस्ट्रियल एरिया और जवाहर नगर इंडस्ट्रियल एरिया में ये छापे मारे गए। इस कार्रवाई के दौरान आरोपी रिजवान को गिरफ्तार किया गया। क्राइम ब्रांच ने बताया कि आरोपी कथित तौर पर खराब हो चुके सीमेंट को पीसकर और उसमें क्लिंकर मिलाकर नकली सीमेंट तैयार कर रहे थे, जिसे बाद में बाजार में बेचने के लिए अल्ट्राटेक के नकली ब्रांड वाले बैग में पैक किया जाता था। बयान में कहा गया है, 'ईआर-क्क/क्राइम ब्रांच के कर्मचारियों ने नकली सीमेंट बनाने और पैक करने में शामिल दो अवैध फैक्ट्रियों का भंडाफोड़ करके अपनी तत्परता और पेशेवर रवैये का प्रदर्शन किया।' पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई तब शुरू हुई जब अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के अधिकृत प्रतिनिधि कमल सिंह ने अधिकारियों को सूचना दी कि रात के समय नकली पैकेजिंग सामग्री का उपयोग करके बड़े पैमाने पर नकली सीमेंट बनाया जा रहा है।

# ग्रेटर नोएडा में निमार्णाधीन हॉस्टल में दो मजदूरों की निर्मम हत्या, इलाके में सनसनी

» **ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 08 मई।**



ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में स्थित सीताराम इंस्टीट्यूट के निमार्णाधीन हॉस्टल में दो मजदूरों की हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई। दोनों मजदूरों के शव हॉस्टल परिसर के एक कमरे में लहूलुहान अवस्था में पड़े मिले। प्रारंभिक जांच में हत्या धारदार हथियार से किए जाने की आशंका जताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया और मौके पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी पहुंच गए। जानकारी के अनुसार, निमार्णाधीन हॉस्टल में हाल ही में तीन मजदूर काम करने के लिए आए थे। बताया जा रहा है कि ये लोग माली का काम करने के लिए दो दिन पहले ही यहां पहुंचे थे और परिसर में ही बने एक कमरे में रह रहे थे।

शुक्रवार सुबह जब अन्य कर्मचारियों ने कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर संदेह जताया तो अंदर जाकर देखा गया। कमरे के भीतर दो मजदूरों के शव खून से लथपथ पड़े मिले, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही नॉलेज पार्क थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र को घेराबंदी कर अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस के साथ फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए।

कमरे के भीतर खून के निशान और संघर्ष के संकेत मिलने की बात सामने आ रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है ताकि घटना से जुड़े किसी संदिग्ध की पहचान की जा सके। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में मामला आपसी विवाद या किसी पुरानी रंजिश से जुड़ा हो सकता है, हालांकि अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगा।

तीसरे मजदूर की तलाश भी की जा रही है, क्योंकि घटना के बाद से उसका कोई पता नहीं चल पाया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। घटना के बाद निर्माण स्थल पर काम करने वाले मजदूरों और आसपास के लोगों में दहशत का माहौल है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# ग्रेटर नोएडा में कैंटर और ट्रेलर की टक्कर में एक चालक की मौत

**ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 08 मई।** ग्रेटर नोएडा में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। बीटा-2 थाना क्षेत्र में बीती देर रात कैंटर और ट्रेलर के बीच हुई भीषण टक्कर में कैंटर चालक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और सड़क पर लंबा जाम लग गया।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों वाहन तेज रफ्तार में थे। इसी दौरान बीटा-2 क्षेत्र में कैंटर और ट्रेलर अनियंत्रित होकर टकरा गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि कैंटर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक उसमें बुरी तरह फंस गया। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल चालक को निकालकर नजदीक के अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव की पहचान मूल रूप से कासगंज निवासी संत कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। शुरूआती जांच में हादसे की वजह तेज रफ्तार और वाहन चालक द्वारा नियंत्रण खोना माना जा रहा है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है ताकि दुर्घटना के सही कारणों का पता लगाया जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार आम बात हो चुकी है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# पूरे भारत में मीडिया कर्मियों को फैमिली कैशलेस हेल्थ इंश्योरेंस देने वाली पहली संस्था बनी एमडब्ल्यूबी

## केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और कैबिनेट मंत्री अनिल विज बने संगठन की रीढ़ की हड्डी

» राजेश सलूजा



हरियाणा, यूटर्न/ 08 मई। मीडिया वेल-बीइंगएसोसिएशन (एमडब्ल्यूबी) रजिस्टर्ड संस्था देशभर के मीडिया कर्मियों और उनके परिवारों के लिए कैशलेस हेल्थ इंश्योरेंस उपलब्ध करवाने वाली पहली संस्था बनने जा रही है। पत्रकारों के कल्याण को समर्पित इस महत्वाकांक्षी योजना को युद्ध स्तर पर लागू किया जा रहा है और आगामी दिनों में इसके भव्य लॉन्चिंग समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह पहल मीडिया जगत के लिए ऐतिहासिक कदम मानी जा रही है। एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रशेखर धरणी ने बताया कि वर्ष 2025-26 में पत्रकार साथियों और उनके परिवारों के लिए फैमिली कैशलेस हेल्थ इंश्योरेंस योजना लागू की जा रही है। इसके साथ ही पत्रकारों को 10-10 लाख रुपये की टर्म इंश्योरेंस एवं एक्सीडेंटल इंश्योरेंस पॉलिसी भी निःशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि मीडिया वेल-बीइंग एसोसिएशन ने पत्रकारों की आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह सराहनीय कदम उठाया है। हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों के सैकड़ों पत्रकारों को 10 लाख रुपये की टर्म इंश्योरेंस पॉलिसी मिलेगी, जो किसी भी असामयिक मृत्यु की स्थिति में परिवार को आर्थिक सहारा प्रदान करेगी।

वहीं 10 लाख रुपये की एक्सीडेंटल इंश्योरेंस पॉलिसी दुर्घटना की स्थिति में पत्रकार और उनके परिवार को मजबूत सुरक्षा कवच उपलब्ध करवाएगी। धरणी ने कहा कि पत्रकारिता आज अत्यंत चुनौतीपूर्ण और जोखिम भरा पेशा बन चुकी है। पत्रकारों को कई बार दुर्गम और संवेदनशील क्षेत्रों में जाकर कार्य करना पड़ता है। ऐसे में स्वास्थ्य और जीवन सुरक्षा बेहद आवश्यक हो जाती है। एमडब्ल्यूबी पिछले पांच वर्षों से लगातार पत्रकारों और उनके परिवारों की सुरक्षा के लिए निःशुल्क बीमा योजनाएं लागू कर रहा है। उन्होंने बताया कि उत्तर भारत में एमडब्ल्यूबी ऐसा एकमात्र संगठन बनकर उभरा है, जो पत्रकारों से बिना कोई शुल्क लिए कैशलेस मेडिकल सुविधा, टर्म इंश्योरेंस और एक्सीडेंटल इंश्योरेंस जैसी योजनाएं उपलब्ध करवा रहा है। संगठन का उद्देश्य केवल पत्रकारों की आवाज उठाना ही नहीं, बल्कि उनके सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा कवच को मजबूत करना भी है। चंद्रशेखर धरणी ने बताया कि मीडिया कर्मियों या उनके परिवार के किसी सदस्य के गंभीर बीमारी से ग्रसित होने, अस्पताल में उपचाराधीन रहने अथवा किसी वित्तीय संकट की स्थिति में भी एमडब्ल्यूबी लगातार सहायता प्रदान कर रहा है।

# हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद गोविंद नगर के ब्लॉक-8 पार्क में मूर्ति स्थापना के साथ जारी अवैध कब्जे

» सुनील बाजपेई




कानपुर, यूटर्न/ 08 मई। गोविन्द नगर स्थित ब्लॉक-8 के सार्वजनिक पार्क पर कथित अवैध कब्जों और निर्माण का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। भाजपा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश वीर आर्य ने जिलाधिकारी कानपुर को शिकायती पत्र देकर हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद पार्क में हो रहे नए निर्माण एवं मूर्ति स्थापना पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि नगर निगम और संबंधित अधिकारियों की लापरवाही के चलते पार्क के लगभग 70% हिस्से पर कब्जा हो चुका है तथा वहां अवैध निर्माण एवं धार्मिक संरचनाएं खड़ी कर दी गई हैं। कई बार [illegible] पर शिकायतें किए जाने के बावजूद नगर निगम द्वारा 'पुराना निर्माण' बताकर फर्जी निस्तारण किया जाता रहा। प्रकाश वीर आर्य ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के 22 अप्रैल 2026 के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि न्यायालय ने स्वयं पार्क भूमि पर हुए निर्माण पर गंभीर टिप्पणी की थी तथा समस्त अतिक्रमण हटाकर पार्क को मूल स्वरूप में बहाल करने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद वर्तमान में फिर से निर्माण और मूर्ति स्थापना कर कब्जा बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है, जो न्यायालय की अवमानना है। ज्ञापन में मांग की गई है कि पार्क से सभी अवैध कब्जे हटाए जाएं, नगर निगम द्वारा कराई गई इंटरलॉकिंग हटाकर पार्क को हरित क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाए तथा दोषी अधिकारियों और अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

# न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, आज

## आपसी सहमति से होगा केसों का निपटारा, मध्यस्थता से लोगों में आपसी भाईचारा रहेगा कायम : वर्षा शर्मा , सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी

» निर्मल सिंह



पानीपत, यु-टर्न 8 मई। शनिवार को स्थानीय न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आपसी सहमति से विभिन्न केसों को सुलझाया जाएगा। यह जानकारी मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वर्षा शर्मा ने दी। उन्होंने लोगों से आ'ान किया है कि वे ज्यादा से ज्यादा अपने मुकदमों का लोक अदालत के माध्यम से निपटारा कर सकते है , क्योंकि लोक अदालत विवादों के निपटान के प्रभावी तरीकों में से एक है। लोक अदालत में निपटान से न किसी की हार और न किसी की जीत होती और लोक अदालतों में विवादों का सौहार्द पूर्वक निपटारा किया जाता है।

उन्होंने कहा कि सभी के लिए न्याय तक पहुंच के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए एडीआर तंत्र का संवर्धन काफी महत्वपूर्ण है। लोक अदालत को स्थाई और निरंतर प्रक्रिया बनाने के लिए सत्र न्यायालय पानीपत में दैनिक लोक अदालतें भी आयोजित की जाती है। इस लोक अदालत के बारे में लोगो को जागरूक करने के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सक्षम युवाओं के माध्यम से घर घर जाकर निरंतर जागरूकता फैला रहा है।



# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर संगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय में होगा प्रदेश स्तरीय भव्य कार्यक्रम आयोजित: विश्राम कुमार मीणा

» परमिंदर सिंह

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 08 मई। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि पिहोवा के प्राचीन संगमेश्वर महादेव मंदिर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का भव्य तरीके से प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 11 मई को संगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय में होने वाले कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिरकत करेंगे। इसके साथ ही कुरुक्षेत्र की 48 कोस के सभी तीर्थों स्थलों के प्रमुख संत महात्मा इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कुछ आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सभी को निर्देश दिए कि आगामी 11 मई को भव्य तरीके से सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया जाए। इसे लेकर जिला स्तर पर सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व-1000 वर्ष की अखंड आस्था के अंतर्गत श्री सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 11 मई 2026 को श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय (पिहोवा) में किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्री सोमनाथ मंदिर प्रभास पाटन, वेरावल, गुजरात से कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय (पिहोवा) राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि सोमनाथ मंदिर भारत की अजेय सभ्यता का प्रतीक है। विनाशकारी प्रहारों के बाद भी सोमनाथ मंदिर आज हमारे आत्म-सम्मान और साहस की मिसाल बनकर खड़ा है।



# राहुल गांधी की सद्भावना यात्रा में शामिल होने गुरुग्राम रवाना हुई हिसार कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट की टीम

## एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं ने गुरुग्राम कूच किया, राहुल गांधी के कार्यक्रम में होंगे शामिल

**हरियाणा, यूटर्न/ 08 मई।** कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट हरियाणा के स्टेट चेयरमैन एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल टीम के साथ गुरुग्राम में आयोजित कांग्रेस नेता राहुल गांधी के कार्यक्रम एवं सद्भावना यात्रा में भाग लेने के लिए रवाना हुए।एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के विदेशी मामले विभाग के उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह द्वारा निकाली जा रही सद्भावना यात्रा प्रदेश में भाईचारे, सामाजिक सौहार्द और जनहित की राजनीति को मजबूती देने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी, बिगड़ती कानून व्यवस्था और सामाजिक विभाजन की राजनीति से परेशान है तथा कांग्रेस ही देश और प्रदेश को सही दिशा दे सकती है।राहुल गांधी के दौरे पर प्रतिक्रिया देते हुए एडवोकेट खोवाल ने कहा कि राहुल गांधी लगातार जनता के बीच जाकर उनके मुद्दों को उठा रहे हैं तथा समय-समय पर यात्राओं के माध्यम से आम जरूरतमंद लोगों की बात सुनकर उन मुद्दों को संसद में मजबूती से उठाते हैं। उनकी राजनीति नफरत के खिलाफ मोहब्बत, संविधान और सामाजिक न्याय की राजनीति है।उन्होंने कहा कि हरियाणा विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों से पूर्व भी राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा में 'कांग्रेस संदेश यात्रा' निकाली थी। राहुल गांधी के नेतृत्व में पूरे देश में निकाली गई 'भारत जोड़ो यात्रा' तथा हरियाणा में कुमारी सैलजा के नेतृत्व में निकाली गई 'कांग्रेस संदेश यात्रा' आज भी लोगों के जेहन में ताजा है।एडवोकेट खोवाल ने कहा कि बीजेपी का विकल्प केवल कांग्रेस है और आने वाले समय में जनता कांग्रेस के पक्ष में बड़ा जनादेश देगी।वहीं कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट हरियाणा के स्टेट मीडिया कॉर्डिनेटर एडवोकेट बजरंग इंदल ने कहा कि सद्भावना यात्रा ने प्रदेश में कांग्रेस कार्यकताओं के अंदर नया उत्साह पैदा किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी सामाजिक न्याय, संविधान की रक्षा और सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की विचारधारा पर कार्य कर रही है। प्रदेश की जनता अब बदलाव चाहती है और कांग्रेस की नीतियों पर विश्वास जता रही है।इस अवसर पर कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट और पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इनमें रतन पन्नू, पवन तुंदवाल,श्वेता शर्मा, जगदीश बिश्नोई, कुसुम प्रजापति, शबनम, मीना तिजारिया, सोनू सिंघरान, विकास वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा की अंत्योदय की नीतियों से अवगत करवाते हुए संगठन की मजबूती पर जोर दें : राजेन्द्र सपड़ा



## हिसार विधानसभा क्षेत्र के सब्जी मंडी मंडल की बैठक आयोजित

**हरियाणा, यूटर्न/ 08 मई।** भाजपा सब्जी मंडी मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष लोकेश असीजा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता रहे। बैठक को संबोधित करते हुए राजेन्द्र सपड़ा ने कहा कि संगठन की मजबूती पर जोर दिया और कहा कि भाजपा की अंत्योदय की नीतियों से सभी को अवगत करवाकर अधिक से अधिक कार्यकर्ता जोड़े जाएं ताकि हमारा संगठन और अधिक मजबूत बन सके। उन्होंने केन्द्र व प्रदेश सरकार की नीतियों का भी जिक्र किया और कहा कि दोनों सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं से जनता को अवगत करवाकर अधिक से अधिक लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष लोकेश असीजा ने मंडल की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बैठक में पहुंचने पर मुख्य वक्ता राजेन्द्र सपड़ा एवं अन्य पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उनका आभार जताया। कार्यक्रम में पहुंचने पर मंडल अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। बैठक में उपरोक्त के अलावा मंडल महामंत्री अनुज जैन एवं सुशील सैनी, मंडल उपाध्यक्ष ज्योति वर्मा, संदीप थरेजा, सुरेश गोयल, मंडल सचिव लवली राजपाल, आनंद सैनी, नरेन्द्र सैनी, सोशल मीडिया प्रभारी मनोज मदान, अतुल बांगा व अनिल टांक सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ऑनलाइन गेमिंग कंपनी गेम्सक्राफ्ट पर ईडी का बड़ा एक्शन, तीन संस्थापक गिरफ्तार

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 08 मई।**

ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग से जुड़ी बड़ी कंपनी गेम्सक्राफ्ट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की है। कंपनी के तीन संस्थापकों दीपक सिंह, पृथ्वीराज सिंह और विकास तनेजा को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग और धोखाधड़ी से जुड़े मामलों में की गई है। ईडी सूत्रों के मुताबिक, कंपनी और उससे जुड़ी अन्य संस्थाओं के खिलाफ कई एफआईआर दर्ज थीं। इन मामलों में धोखाधड़ी, लोगों को गुमराह



करने और ऑनलाइन गेमिंग के जरिए आर्थिक नुकसान पहुंचाने जैसे आरोप शामिल हैं। बताया जा रहा है कि कंपनी रमीकल्चर और रमीटाइम जैसे ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग प्लेटफॉर्म चलाती थी, जहां लोग पैसे लगाकर गेम खेलते थे।

जांच एजेंसी का कहना है कि इन ऐप्स और प्लेटफॉर्म्स से जुड़े कई गंभीर आरोप सामने आए हैं। कुछ मामलों में ऐसे लोगों की आत्महत्या की भी बात सामने आई है, जो कथित तौर पर इन गेम्स में पैसा गंवाने के बाद मानसिक और आर्थिक तनाव में आ गए थे। इन्हीं शिकायतों और एफआईआर के आधार पर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया।

7 मई 2026 को ईडी ने कर्नाटक और एनसीआर क्षेत्र में कुल 17 ठिकानों पर छापेमारी की। ये छापे गेम्सक्राफ्ट समूह की कंपनियों, संस्थापकों और कुछ कर्मचारियों से जुड़े स्थानों पर मारे गए। तलाशी के दौरान कई अहम दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक सबूत जब्त किए गए हैं, जिन्हें जांच के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ईडी का कहना है कि जांच के दौरान मिले दस्तावेजों और अन्य सामग्री के आधार पर एजेंसी को मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े पर्याप्त संकेत मिले। इसके बाद 8 मई 2026 को तीनों संस्थापकों को पीएमएलए की धारा 19 के तहत गिरफ्तार किया गया। दीपक सिंह और पृथ्वी राज सिंह को एनसीआर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### मासूम से दरिंदगी और हत्या में युवक दोषी करार

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 08 मई।** मुरादनगर क्षेत्र में चार वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में विशेष पॉक्सो कोर्ट-2 ने विशाल त्यागी को दोषी करार दिया है। अदालत ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि अभियोजन पक्ष की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य और गवाहों के बयान आरोपी को दोषी सिद्ध करने के लिए पर्याप्त हैं। अब इस प्रकरण में सजा के निर्धारण को लेकर आठ मई को बहस की जाएगी। अदालत के अनुसार, घटना 19 अप्रैल 2024 को हुई थी। बच्ची घर के पास स्थित दुकान पर बिस्किट लेने गई थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला विशाल त्यागी उसे बहला-फुसलाकर साथ ले गया। बच्ची के लापता होने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। काफी तलाश के बाद उसका शव पास के ही एक खंडहर से बरामद हुआ था। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। डॉग स्क्वायड की मदद से विशाल को उसके घर से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार कर लिया था। इसके बाद उसे जेल भेज दिया गया। विशेष पॉक्सो कोर्ट-2 में चली सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने सिलसिलेवार तरीके से साक्ष्य पेश किए, जिसके आधार पर न्यायालय ने उसे दोषी ठहराया।

### बिना फिटनेस के दौड़ रहे 10 हजार ई-रिक्शा

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 08 मई।** जिले में ई-रिक्शे बिना फिटनेस के दौड़ रहे हैं। इससे न सिर्फ वह अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। बल्कि उसमें सवार होने वालों की जान भी खतरे में है। कई ई-रिक्शा में हेड लाइट और इंडीकेटर तक नहीं है। सड़कों पर धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं, लेकिन अधिकारियों को जिम्मेदारी याद नहीं आ रही है। दरअसल, परिवहन विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिले में 25 हजार से अधिक ई-रिक्शा पंजीकृत हैं। इनमें से 10 हजार ऐसे ई-रिक्शा है जो काफी दिन से फिटनेस कराने ही नहीं पहुंचे है। जबकि सड़कों पर खुलेआम दौड़ते दिख जाएंगे। कई रिक्शाओं के ब्रेक सही से काम नहीं करते तो कुछ की बैटरी लीकेज होती है। बॉडी जंग खाकर कमजोर हो चुकी है और छत व सीटें भी टूटी हालत में हैं। रात में अधिकांश ई-रिक्शा बिना लाइट के ही दौड़ते हैं, अधिकांश ई-रिक्शा में इंडिकेटर तक ठीक से काम नहीं करते। जिम्मेदार अधिकारी इन पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ई-रिक्शा चालकों के लिए क्षमता से अधिक सवारियां बैठाना आम बात है। चार सवारी की जगह छह से आठ को बैठाकर सड़कों पर दौड़ाना न सिर्फ नियमों का उल्लंघन है। बल्कि यात्रियों की जान से सीधा खिलवाड़ है।

# पाकिस्तान को सुधारने के लिए कठोर कदम जरूरी : राघव चड्ढा

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 08 मई।**



राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो संदेश जारी किया। इस वीडियो में सांसद ने पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को लेकर कड़ा बयान दिया है। अपने संदेश में उन्होंने देशवासियों से एकजुट रहने की अपील करते हुए भारतीय सेना के साहस और पराक्रम की सराहना की।

जय हिंद साथियों से वीडियो संदेश की शुरूआत करते हुए चड्ढा ने कहा कि पड़ोसी बदले नहीं जा सकते लेकिन अगर पड़ोसी पाकिस्तान जैसा हो तो उसे सही रास्ते पर लाने के लिए कठोर कदम उठाना जरूरी हो जाता है। उन्होंने कहा कि भारत इस समय केवल पाकिस्तान से नहीं बल्कि क्रूरता, बर्बरता और आतंकी मानसिकता के खिलाफ एक व्यापक लड़ाई लड़ रहा है। उन्होंने भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता का जिक्र करते हुए कहा कि इस बार आतंकवाद का पूरी तरह खात्मा होकर रहेगा। उन्होंने सीमा पर तैनात जवानों के परिवारों के प्रति एकजुटता जताने की अपील करते हुए कहा कि देश को उनके साथ 'चट्टान की तरह' खड़ा रहना चाहिए। चड्ढा ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को मानवता पर कलंक बताते हुए कहा कि निहत्थे नागरिकों की हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत ने इसका जवाब 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली कार्रवाई के जरिए दे दिया है और भारतीय मिसाइलें व वायुसेना पाकिस्तान पर दबाव बना रही हैं। उन्होंने दावा किया कि भारत का एयर डिफेंस सिस्टम दुश्मन की मिसाइलों और ड्रोन को प्रभावी तरीके से नष्ट कर रहा है। अपने बयान में उन्होंने कई बड़े आतंकी हमलों का उल्लेख किया, जिनमें 2008 मुंबई हमले, पुलवामा हमला, उरी हमला, भारतीय संसद हमला और 1993 बॉम्बे बम विस्फोट शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि भारतीय सेना इन हमलों के जिम्मेदार आतंकियों और उनकी सोच को जड़ से खत्म करने के लिए पूरी ताकत से जुटी है। इतिहास का जिक्र करते हुए चड्ढा ने कहा कि भारत पहले भी पाकिस्तान को करारा जवाब देता रहा है।

# तीन लोगों के खाते से निकले 2.16 लाख रुपये, रिपोर्ट दर्ज

**» साहिबाबाद, यूटर्न/ 08 मई।**

साइबर ठगों ने टीएचए के दो थाना क्षेत्रों में अलग-अलग तीन लोगों के खाते से साइबर ठगों ने 2.16 लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ितों ने पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। खोड़ा के राजीव नगर निवासी शहजाद ने बताया कि उनका मोबाइल फोन रविवार को बाजार पुश्ता के आसपास कहीं गिर गया था। मोबाइल साइबर ठग के हाथ लगा। आरोप है कि उसने यूपीआई से 96 हजार रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर कर दिए।

दोबारा सिम और मोबाइल फोन खरीदकर चालू किया तो ठगी की जानकारी हुई। वहीं, साहिबाबाद के मोहननगर निवासी राहुल चौहान ने पुलिस को बताया कि उनके व भाई अरुण चौहान



के खाते से साइबर ठगों 1.20 लाख रुपये निकाल लिए। दोनों के साथ हुई ठगी के दौरान किसी के मोबाइल फोन पर ओटीपी नहीं आया। कुछ समय बाद मैसेज आया तो ठगी की जानकारी हुई। तीनों पीड़ितों ने ऑनलाइन साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत की है। प्रभारी डीसीपी ट्रांस हिंडन धवल जयसवाल ने बताया कि साइबर टीम मामले की जांच कर रही है।

# रंजिश में फैक्टरी कर्मी को लोहे की रॉड से पीटा,घायल

**लोनी, यूटर्न/ 08 मई।** बेहटा हाजीपुर नगर रोड पर कुल्फी खा रहे फैक्टरी कर्मी रिजवान और उनके दोस्त पर उनकी कॉलोनी के ही कुछ युवकों ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इससे वह घायल हो गए। पीड़ित ने कॉलोनी के ही निवासी शोएब समेत कई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शिव विहार कॉलोनी निवासी रिजवान ने बताया कि वह फैक्टरी में काम करते हैं। उनका शोएब उर्फ सुचा के साथ कुछ दिन पहले विवाद हो गया था। तीन मई को वह अपने दोस्त जुबैर के साथ बेहटा हाजीपुर नगर रोड पर कुल्फी खाने के गए थे। वहां पर शोएब कई युवकों के साथ उनके पास आकर गाली गलौज करने लगा। उन्होंने विरोध किया तो शोएब और उसके साथियों ने दोनों को लोहे की रॉड से पीटकर घायल कर दिया। उनके सिर और हाथ में काफी चोट आई तो



दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# मंगोलपुरी में चाकूबाजी और लूट की वारदात दादा-पोता घायल, बदमाश फरार

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 08 मई।**




दिल्ली के मंगोलपुरी में गुरुवार रात हुई चाकूबाजी और लूट की घटना ने इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया। आउटर दिल्ली के इस इलाके में बदमाशों ने एक परचून की दुकान को निशाना बनाया और चाकू के बल पर लूट की वारदात को अंजाम दिया। इस हमले में दुकान पर बैठे दादा-पोता घायल हो गए।

जानकारी के मुताबिक, रात के समय पांच से अधिक बदमाश दोपहिया वाहनों पर सवार होकर दुकान पर पहुंचे। आते ही उन्होंने हमला शुरू कर दिया। अचानक हुए इस हमले से दुकान पर मौजूद लोग घबरा गए। बदमाशों ने चाकू दिखाकर दुकान में रखी नकदी लूट ली और फरार हो गए। बताया जा रहा है कि भागने की जल्दबाजी में आरोपी अपनी एक स्कूटी मौके पर ही छोड़ गए, जिसे अब पुलिस जांच का अहम सुराग मान रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके की घेराबंदी की गई। शुरूआती जांच में पुलिस को आशंका है कि वारदात पूरी योजना के तहत लूट के इरादे से की गई थी। पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और फरार बदमाशों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

इसी बीच, ईस्ट डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने एक अलग कार्रवाई में एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो कथित तौर पर चाकू के बल पर चोरी और स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने की तैयारी में था। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, प्रीत विहार थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक संदिग्ध युवक को पकड़ा। पुलिस टीम जब पीएसके रोड के पास काला पार्क इलाके में पेट्रोलिंग कर रही थी, तभी एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया।

# पानी ठंडा करने वाली मशीन का कंप्रेशर फटा, दो की मौत, एक घायल

**» साहिबाबाद, यूटर्न/ 08 मई।**



लिंकरोड औद्योगिक क्षेत्र साइट चार स्थित मैडोर्स रिन्यूवल एनर्जी फैक्टरी में टेस्टिंग के दौरान मशीन का कंप्रेशर धमाके के साथ फट गया। मामला 7 मई की देर शाम का है। फैक्टरी के श्रमिक मुरादनगर के कनौजा गांव निवासी इमरान (27) और गोरखपुर निवासी त्रिभुवन (46) की मौत हो गई। जबकि तीसरे श्रमिक विहार निवासी बांके बिहारी की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में इलाज चल रहा है।

औद्योगिक क्षेत्र साइट-4 बृहस्पतिवार देर शाम तेज धमाके से गूंज उठा। धमाका होते ही साइट चार के प्लॉट संख्या 42/25 के पास भगदड़ मच गई। सूचना पर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे और पुलिस को भी घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने बताया कि साइट चार की मैडोर्स रिन्यूवल एनर्जी फैक्टरी में पानी ठंडा करने वाली मशीन बनाई जाती है। बृहस्पतिवार देर शाम फैक्टरी में नई मशीन की टेस्टिंग की जा रही थी। उसी दौरान मशीन का कंप्रेशर तेज धमाके के साथ फट गया। धमाका इतना तेज था कि आसपास के गांव तक आवाज पहुंची। हादसे में श्रमिक इमरान, त्रिभुवन और बांके बिहारी गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से दिल्ली सफदरजंग रेफर कर दिया गया। हादसे में त्रिभुवन का बायां हाथ शरीर से अलग हो गया और सफदरजंग अस्पताल में इलाज के दौरान त्रिभुवन की मौत हो गई। जबकि कुछ समय बाद ही इमरान ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जबकि घायल बांके बिहारी का इलाज चल रहा है।

**धमाका होते ही पहुंचे आसपास की फैक्टरी संचालक**

मशीन का कंप्रेशर फटने की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के इलाके प्र'दगढ़ी, वसुंधरा तक लोगों को आवाज सुनाई दी। साइट चार में संचालित कई फैक्टरियों के संचालक और श्रमिक ही नहीं प्र'दगढ़ी के लोग भी मौके पर पहुंच गए। लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। हादसे के दौरान कंप्रेशर फटने से आग भी लगी, लेकिन उसे कंपनी के ही श्रमिकों ने बुझा लिया। हालांकि टीम भेजी गई, लेकिन जब तक आग बुझाई जा चुकी थी।

**घर का बड़ा बेटा था इमरान, तीन बच्चों के सिर से छिना पिता का साया:** मुरादनगर के कनौजा गांव निवासी इमरान (27) घर के सबसे बड़े बेटे थे। परिवार में उनके पिता साबुद्दीन, छोटा भाई रिजवान, पत्नी शबनम और तीन बच्चे बेटी आलिया, बेटा आहद व असद हैं। इमरान ही घर में इकलौते कमाई करने वाले थे। इमरान की मौत के बाद तीन बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है। मौत की खबर गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। गांव के लोग घर पर एकत्र होने लगे।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# हुंडई मोटर इंडिया का चौथी तिमाही का मुनाफा 22 प्रतिशत घटकर 1,255.6 करोड़ रुपए रहा

» मुंबई, यूटर्न/ 08 मई।

हुंडई मोटर इंडिया ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही के नतीजे जारी किए, जिसमें कंपनी के समेकित शुद्ध मुनाफे में 22.2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, और उसका मुनाफा घटकर 1,255.6 करोड़ रुपए रह गया, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 1,614.3 करोड़ रुपए था।




हालांकि, स्टॉक एक्सचेंज में कंपनी ने बताया कि जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान उसकी परिचालन आय (रेवेन्यू) 5.4 प्रतिशत बढ़कर 18,916.15 करोड़ रुपए पहुंच गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 17,940.28 करोड़ रुपए था।

कंपनी ने बताया कि तिमाही के दौरान उसके खर्च आय की तुलना में ज्यादा तेजी से बढ़े। कुल खर्च सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर 17,571.7 करोड़ रुपए हो गया, जिसका मुख्य कारण तैयार माल, प्रगति पर कार्य और स्टॉक-इन-ट्रेड की इन्वेंट्री में बदलाव रहा।

कंपनी के परिचालन प्रदर्शन पर भी दबाव देखने को मिला। ईबीआईटीडीए 22.4 प्रतिशत घटकर 1,966 करोड़ रुपए रह गया, जो पिछले साल इसी तिमाही में 2,532.7 करोड़ रुपए था।

वहीं, ईबीआईटीडीए मार्जिन भी घटकर 10.4 प्रतिशत रह गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 14.1 प्रतिशत था। मार्जिन पर दबाव के बावजूद हुंडई मोटर इंडिया ने तिमाही के दौरान मजबूत बिक्री प्रदर्शन का दावा किया। कंपनी ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में उसने घरेलू बाजार में अब तक की सबसे ज्यादा तिमाही बिक्री दर्ज की। कंपनी के थोक बिक्री वॉल्यूम में सालाना आधार पर 8.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जिसमें जीएसटी 2.0 सुधारों और विभिन्न उत्पाद रणनीतियों का बड़ा योगदान रहा।

ऑटो कंपनी ने बताया कि ग्रामीण बाजार में उसकी हिस्सेदारी तिमाही के दौरान रिकॉर्ड 25 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो ग्रामीण भारत में कंपनी की बढ़ती पहुंच को दर्शाता है।

कंपनी के सीएनजी पोर्टफोलियो का योगदान भी रिकॉर्ड 18 प्रतिशत तक पहुंच गया। इसका कारण उपभोक्ताओं के बीच सीएनजी वाहनों की बढ़ती मांग और कमर्शियल मोबिलिटी सेगमेंट में कंपनी का विस्तार बताया गया।

भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बावजूद कंपनी का निर्यात प्रदर्शन मजबूत रहा। हुंडई मोटर इंडिया ने बताया कि चौथी तिमाही में निर्यात में सालाना आधार पर 9.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जबकि पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में निर्यात 16.4 प्रतिशत बढ़ा। कंपनी ने कहा कि उसे वित्त वर्ष 2026-27 में घरेलू और निर्यात, दोनों बाजारों में 8-10 प्रतिशत तक वॉल्यूम वृद्धि की उम्मीद है, जिसमें नए उत्पाद, नेटवर्क विस्तार और बाजार विविधीकरण योजनाएं मददगार होंगी। कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी तरुण गर्ग ने कहा, 'भारत में संचालन के 30 साल पूरे होने पर हमें ग्राहक भरोसे, नवाचार और लगातार बेहतर प्रदर्शन पर आधारित मजबूत नींव पर गर्व है।'



## गूगल भारत में एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर, सर्वर और ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में तलाश रहा निवेश के अवसर: अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 08 मई।** दिग्गज टेक कंपनी गूगल भारत में एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर, सर्वर और ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्र में निवेश के अवसर तलाश रहा है। यह जानकारी केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को दी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर वैष्णव ने कहा, 'गूगल भारत में एआई इंफ्रास्ट्रक्चर और सर्वर और ड्रोन के निर्माण सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश करने की संभावनाओं पर विचार कर रहा है।' इस बैठक में गूगल के पब्लिक पॉलिसी के वाइस प्रेसिडेंट विल्सन एल व्हाइट भी शामिल हुए। यह खबर ऐसे समय पर आई है, जब गूगल अपनी एआई क्षमताओं और डेटा सेंटर में निवेश बढ़ा रहा है। हाल ही में गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने कंपनी के इस वर्ष के कुल पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर 185 अरब डॉलर करने का ऐलान किया है, जिसका मुख्य कारण एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर में आक्रामक निवेश है। पिछले महीने गूगल क्लाउड नेक्स्ट 2026 शिखर सम्मेलन में बोलते हुए, पिचाई ने कहा कि गूगल के मशीन लर्निंग कंप्यूटिंग संसाधनों का आधे से अधिक हिस्सा अब उसके क्लाउड व्यवसाय को आवंटित किया जाएगा।

## केपीआईटी टेक्नोलॉजीज के संस्थापक रवि पंडित का 71 वर्ष की आयु में निधन

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 08 मई।

केपीआईटी टेक्नोलॉजीज के संस्थापक और चेयरमैन रवि पंडित का शुक्रवार को पुणे में 71 वर्ष की आयु में निधन हो गया। यह जानकारी कंपनी द्वारा एक्सचेंज फाइलिंग में दी गई।

डॉ. एस.बी. (रवि) पंडित केएंडपी ग्रुप के चेयरमैन और सह-संस्थापक थे और उन्होंने केपीआईटी टेक्नोलॉजीज को ऑटोमोटिव सॉफ्टवेयर और इंजीनियरिंग सॉल्यूशंस पर केंद्रित एक वैश्विक मोबिलिटी टेक्नोलॉजी कंपनी के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उनके नेतृत्व में, केपीआईटी टेक्नोलॉजीज ने 15 देशों में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया और ऑटोमोटिव क्षेत्र को मोबिलिटी सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन प्रदान किए, जिनमें ऑटोनॉमस ड्राइविंग, इलेक्ट्रिफिकेशन और क्लीन एनर्जी टेक्नोलॉजी शामिल हैं। कॉर्पोरेट नेतृत्व के अलावा, पंडित कई सार्वजनिक नीति, सतत विकास और सामाजिक पहलों से सक्रिय रूप से जुड़े हुए थे। उन्होंने पुणे इंटरनेशनल सेंटर और जनवाणी जैसे संस्थानों की सह-स्थापना की और गोखले इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटिक्स एंड इकोनॉमिक्स (जीआईपीई) के सतत विकास केंद्र के माध्यम से नीति अनुसंधान पहलों का समर्थन किया। पंडित ने मराठा चैंबर ऑफ कॉमर्स, इंडस्ट्रीज एंड एग्रीकल्चर



(एमसीसीआईए) के चेयरमैन के रूप में सहित विभिन्न राष्ट्रीय मंचों पर भारतीय उद्योग का प्रतिनिधित्व किया और कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) की कई समितियों में योगदान दिया। सत्र में बीएसई पर केपीआईटी टेक्नोलॉजीज के शेयर 0.61 प्रतिशत बढ़कर 726 रुपए प्रति शेयर पर कारोबार कर रहे थे। शेयर का 52 सप्ताह का उच्चतम स्तर 1,433 रुपए और 52 सप्ताह का न्यूनतम स्तर 625 रुपए है।

इस सप्ताह की शुरूआत में, कंपनी ने मार्च तिमाही के लिए समेकित शुद्ध लाभ में 33 प्रतिशत की वार्षिक गिरावट दर्ज की, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 245 करोड़ रुपए के मुकाबले 163 करोड़ रुपए रहा। लाभ में गिरावट के बावजूद, कंपनी ने वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में परिचालन राजस्व में 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 1,528 करोड़ रुपए के मुकाबले 1,711 करोड़ रुपए रहा।

## पल्सर ब्रांड के दम पर बजाज ऑटो का बड़ा दांव

### नई 125-250 सीसी पल्सर मॉडल दूसरी तिमाही में होंगी लॉन्च

» मुंबई, यूटर्न/ 08 मई।

बजाज ऑटो अपने पल्सर ब्रांड पर बड़ा दांव लगा रहा है। कंपनी वित्त वर्ष 27 की दूसरी तिमाही में 125 सीसी और 150-250 सीसी श्रेणियों में नई मोटरसाइकिलें लॉन्च करने की तैयारी में है, ताकि त्योहारी सीजन की तेजी का लाभ उठाया जा सके। कंपनी के एक अधिकारी के अनुसार ये मॉडल मुख्य रूप से पल्सर ब्रांड के तहत होंगे। हाल के महीनों में पल्सर की बिक्री और लोकप्रियता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। अक्टूबर 2025 से मार्च 2026 के बीच पल्सर एन और एनएस श्रृंखला में 8-10 नए मॉडल पेश किए गए, जो अब 150 सीसी से अधिक क्षमता वाली श्रेणी




में बजाज की कुल बिक्री के 50 फीसदी से अधिक हैं। वित्त वर्ष 26 में, 150-200 सीसी श्रेणी, जो पल्सर का मुख्य क्षेत्र है, देश के बाजार में 37.5% बढ़कर 15.1 लाख इकाई हुई। इस श्रेणी में बजाज की अपनी बिक्री 61.5 फीसदी बढ़ी, जो बाजार औसत से अधिक है। कंपनी वित्त वर्ष 27 में भी नए मॉडल पेश करने का सिलसिला जारी रखेगी।

## लोकप्रिय एसयूवी टाटा नेक्सन का नया वेरिएंट लाने की तैयारी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 08 मई।** स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स अपनी लोकप्रिय एसयूवी टाटा नेक्सन का एक नया वेरिएंट लाने की तैयारी में है। कंपनी का लक्ष्य है कि इस लग्जरी फीचर को मध्यम वर्ग के ग्राहकों तक पहुंचाया जा सके और यह अपेक्षाकृत कम कीमत में उपलब्ध होगा। यह नया मॉडल पैनोरमिक सनरूफ जैसी प्रीमियम सुविधा के साथ आएगा, जिसे अब तक केवल महंगे वाहनों में ही देखा जाता था। माना जा रहा है कि इस नए वेरिएंट की शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत लगभग 9.49 लाख रुपये हो सकती है, जिससे यह अपने सेगमेंट में एक आकर्षक विकल्प बन जाएगा। वर्तमान में, टाटा नेक्सन में सिंगल पेन सनरूफ का विकल्प उपलब्ध है, लेकिन पैनोरमिक सनरूफ के साथ ग्राहकों को अधिक खुला और प्रीमियम अनुभव मिलेगा। यह नया वेरिएंट पेट्रोल, डीजल और सीएनजी तीनों इंजन विकल्पों में पेश किया जा सकता है, जिससे ग्राहक अपनी पसंद और बजट के अनुसार चुनाव कर सकेंगे। टाटा नेक्सन पहले से ही अपनी मजबूत सुरक्षा और आधुनिक फीचर्स के लिए जानी जाती है, जिसमें एयरबैग, इलेक्ट्रॉनिक स्थिरता नियंत्रण (ईएससी), चाइल्ड सीट एंकरिंग, पार्किंग सेंसर और हिल होल्ड जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, एलईडी हेडलाइट्स, एक डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और मल्टी ड्राइव मोड जैसी तकनीकी खासियतें भी इसे बाजार में लोकप्रिय बनाती हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### गुजरात में 21.5 जीडब्ल्यू ग्रीन एनर्जी ट्रांसमिशन के लिए मेगा टेंडर जारी

#### आरईसीपीडीसीएल ने सौर-पवन ऊर्जा वितरण हेतु दो बड़े टेंडर निकाले

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 08 मई।** भारत सरकार ने गुजरात में अपनी महत्वाकांक्षी हरित ऊर्जा योजनाओं को गति देने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता हासिल करने के लक्ष्य के तहत, पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (आरईसीपीडीसीएल) ने राज्य में 21.5 गीगावाट (जीडब्ल्यू) नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं से बिजली के वितरण हेतु दो विशाल ट्रांसमिशन टेंडर जारी किए हैं। ये निविदाएं लखाडिया (15 जीडब्ल्यू), जाम खंभालिया (5.5 जीडब्ल्यू) और जामनगर (1 जीडब्ल्यू) क्षेत्रों से उत्पन्न सौर और पवन ऊर्जा को राष्ट्रीय ग्रिड तक पहुंचाएंगी, जिससे हरित ऊर्जा देश के विभिन्न राज्यों तक निर्बाध रूप से पहुंच सकेगी। इन परियोजनाओं को 36 महीनों में पूरा करना होगा; इच्छुक कंपनियां 6 जुलाई तक आवेदन कर सकती हैं। बिजली मंत्रालय ने आरईसीपीडीसीएल को इस बोली प्रक्रिया का जिम्मा सौंपा है। इन परियोजनाओं में सिर्फ लाइनें बिछाना ही नहीं, बल्कि सर्वेक्षण, डिजाइन, वित्तपोषण, निर्माण और रखरखाव सहित पूरे सिस्टम का विकास शामिल है। लक्ष्य है कि गुजरात की ग्रीन एनर्जी को दक्षिण गुजरात और महाराष्ट्र जैसे बड़े उपभोक्ता इलाकों तक पहुंचाया जा सके।

### जन सुरक्षा योजनाओं का बीमा कवर 5 लाख करने पर सरकार कर रही विचार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 08 मई।** प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) के करोड़ों लाभार्थियों के लिए एक बड़ी खबर है। सरकार इन दोनों महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत बीमा कवर को वर्तमान 2 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये करने के प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार कर रही है। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी, जिससे लाखों लोगों को अधिक सुरक्षा कवच मिलने की उम्मीद जगी है। उन्होंने बताया कि वित्त मंत्रालय प्रीमियम की लागत, पॉलिसी खरीदने की सामर्थ्य और मध्यस्थता व्यय सहित विभिन्न पहलुओं का मूल्यांकन कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभी यह सिर्फ विचारणीय स्तर पर है और स्वीकृति के बाद ही विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी।

## भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता 2027 में लागू होने की संभावना

### ईयू राजदूत ने व्यापार सुगमता पर दिया जोर

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 08 मई।

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) 2027 तक लागू हो सकता है। ईयू के भारत में राजदूत हरवे डेल्फिन ने बताया कि समझौते के मसौदे की कानूनी समीक्षा फिलहाल अंतिम चरण में है, जिसके बाद इसके सुचारु रूप से आगे बढ़ने की उम्मीद है। ब्रसेल्स में इस



समझौते को मिले व्यापक राजनीतिक समर्थन के मद्देनजर 2027 तक इसके क्रियान्वयन की संभावना प्रबल है। फेडरेशन ऑफ यूरोपियन बिजनेस इन इंडिया (एफईबीआई) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए डेल्फिन ने कहा कि दोनों पक्ष मसौदे को उचित कानूनी शक्ल देने के लिए समीक्षा कर रहे हैं। भारतीय अधिकारियों ने इस प्रक्रिया के जुलाई तक पूरा होने की उम्मीद जताई है। राजदूत ने समझौते के सुचारु और सद्भावनापूर्ण क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने आगाह किया कि सीमा शुल्क प्रक्रियाएं या अनुपालन आवश्यकताएं व्यापार में अनावश्यक बाधा न बनें, अन्यथा तरजीही शुल्कों के लाभ से कहीं अधिक अनुपालन की लागत हो जाएगी। उनका मानना था कि दोनों पक्षों को व्यापार को अधिक आसान बनाने के लिए निरंतर प्रयास करने चाहिए। डेल्फिन ने भारत में चल रहे गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) प्रणाली में सुधारों का स्वागत किया और इस क्षेत्र में आगे कार्रवाई की उम्मीद जताई। हालांकि, उन्होंने एफटीए मसौदे में गैर-सेवा क्षेत्रों में निवेश उदारीकरण से संबंधित प्रावधान की अनुपस्थिति की ओर भी इशारा किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि एफटीए लागू होने के दो साल बाद समीक्षा खंड के तहत इस मुद्दे पर फिर से विचार किया जाएगा। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव दर्पण जैन ने नियामक बाधाओं से निपटने के लिए एफटीए में शामिल 'त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र' का उल्लेख किया।

## संक्षिप्त खबरें



### वेतन संहिता नियम 2026 पर मांगे सुझाव और आपत्तियां

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 08 मई।** हरियाणा सरकार के श्रम विभाग द्वारा वेतन संहिता, 2019 के अंतर्गत वेतन संहिता (हरियाणा) नियम, 2026 (प्रारूप) जारी कर उद्यमियों से सुझाव और आपत्तियां मांगी है। श्रम विभाग द्वारा नए श्रम वेतन संहिता के संदर्भ में नियम बना दिए हैं, यदि किसी भी उद्योग या संस्थान को कोई आपत्ति या सुझाव हो तो 30 दिनों के अंदर अंदर चंडीगढ़ संबंधित अधिकारी को भेज सकता है।

विशेषज्ञों के अनुसार यह वेतन संहिता श्रमिकों के अधिकारों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उद्योगों की व्यावहारिक चुनौतियों को भी ध्यान में रखना आवश्यक है। श्रम मामलों के विशेषज्ञ एडवोकेट आरएल शर्मा ने कहा कि ये नियम राज्य के उद्योगों और कर्मचारियों दोनों के लिए व्यापक प्रभाव डालने वाले साबित हो। इन नए नियमों के तहत न्यूनतम वेतन निर्धारण अब वैज्ञानिक आधार पर किया जाएगा, जिसमें परिवार की आवश्यकताओं, पोषण, आवास, शिक्षा एवं अन्य खर्चों को शामिल किया गया है। इससे भविष्य में न्यूनतम वेतन में वृद्धि की संभावना बढ़ेगी, जिससे उद्योगों पर लागत का अतिरिक्त बोझ आएगा।

### लोनी के तीन वार्डों में 1.82 करोड़ से होगा विकास

**लोनी, यूटर्न/ 08 मई।** नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रंजीता धामा ने बृहस्पतिवार को लोगों की समस्याएं सुनी और कहा कि तीन अलग-अलग वार्डों में 1.82 करोड़ से विकास कार्य कराए जाएंगे। इसके लिए काम भी शुरू करा दिए गए हैं। पालिका अध्यक्ष रंजीता धामा ने नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 25 की परमानंद विहार कॉलोनी में 35 लाख रुपये से विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने वार्ड नंबर सात की गोविंद टाउन कॉलोनी में करीब 1.25 करोड़ और वार्ड नंबर 19 की अमित विहार कॉलोनी में 22 लाख से होने वाले विकास कार्य का नारियल फोड़कर शुरू कराया। उन्होंने कहा कि लोनी की हर गली को बेहतर करना और जल निकासी उद्देश्य है।

## बैलेंस खत्म होते ही पोस्टपेड में बदल जाएगा प्रीपेड बिजली मीटर

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 08 मई।**



प्रीपेड स्मार्ट विद्युत मीटर की व्यवस्था समाप्त होने के बाद ऊर्जा निगम ने प्रीपेड उपभोक्ताओं को भी नियमित बिजली बिल जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि शहर में लगे करीब ढाई लाख प्रीपेड मीटर बैलेंस खत्म होते ही स्वतः पोस्टपेड में बदल जाएंगे। इसके लिए उपभोक्ताओं को ऊर्जा निगम के दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

ऊर्जा निगम जोन-1 के मुख्य अभियंता पवन अग्रवाल ने बताया कि नई व्यवस्था से उपभोक्ताओं को सबसे बड़ी राहत यह मिलेगी कि अब उन्हें एडवांस रिचार्ज नहीं कराना होगा। बिजली इस्तेमाल करने के बाद अगले महीने बिल जारी होगा और भुगतान के लिए करीब 15 दिन का समय मिलेगा। इससे प्रीपेड मीटर की तरह अचानक बिजली कटने की समस्या से भी राहत मिलेगी।

**भुगतान अपडेट नहीं होने से होती थी परेशानी :** ऊर्जा निगम के पास बड़ी संख्या में ऐसी शिकायतें पहुंच रही थीं, जिनमें उपभोक्ताओं ने रिचार्ज कराने के बावजूद दो-तीन दिन तक बिजली सप्लाई चालू न होने की शिकायत की। निगम रिचार्ज के अधिकतम दो घंटे के भीतर बिजली बहाल करने का दावा करता रहा, लेकिन सर्वर डाउन और पेमेंट गेटवे से भुगतान अपडेट न होने के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी।

पोस्टपेड व्यवस्था में उपभोक्ताओं को बिल जांचने और गड़बड़ी होने पर भुगतान से पहले आपत्ति दर्ज कराने का अधिकार मिलेगा। प्रीपेड व्यवस्था में राशि कटने के बाद हिसाब समझना और रिफंड प्राप्त करना जटिल प्रक्रिया थी। अब उपभोक्ता गलत बिल आने पर विद्युत अधिकारियों के यहां आवेदन देकर संशोधन करा सकेंगे।

## कार की टक्कर से श्रमिक के हाथ-पैर टूटे, प्राथमिकी दर्ज

» **साहिबाबाद, यूटर्न/ 08 मई।**

26 अप्रैल को सड़क हादसे में घायल हुए फैक्टरी कर्मी चंदन सिंह के भाई ने सात मई को रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता का आरोप है कि तेज रफ्तार कार ने उनको टक्कर मारी थी। टीलामोड़ थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। मूलतः रामपुर निवासी रामरूप सिंह ने बताया कि उनका भाई चंदन सिंह शाहपुर स्थित एक फैक्टरी में रहकर वहीं काम करते है। 26 अप्रैल को वह टीलामोड़ किसी निजी कार्य से गए थे। वापस आते समय भनेड़ा के पास तेज रफ्तार एक कार ने उनको टक्कर मार दी। राहगीरों ने घायल भाई को अस्पताल पहुंचाया और वहां डॉक्टरों ने एक हाथ व एक पैर टूटने की जानकारी दी। ऑपरेशन के बाद भाई के पैर में रॉड डाली गई है। इलाज कराने के बाद उन्होंने पुलिस से मामले की शिकायत की। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द कार को ट्रैस करके कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## धर्म परिवर्तन के बाद MBA छात्रा का 14 साल उत्पीड़न

» **लोनी, यूटर्न/ 08 मई।**



सोशल मीडिया पर इंदौर निवासी एमबीए की छात्रा से नाम बदलकर दोस्ती की और फिर निकाह करके मदरसे में बंधक बनाकर रखा गया। एक के बाद एक तीन लोगों ने तलाक दिया और फिर निकाह कराया। इस तरह इंदौर की छात्रा के साथ चार साल तक शोषण हुआ। अब पीड़िता ने अंकुर विहार थाना पुलिस से शिकायत की है। पीड़िता की शिकायत पर 16 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इनमें खालिद नाम के आरोपी को लोनी से गिरफ्तार किया है।

पीड़िता का आरोप है कि वर्ष 2012 में एमबीए करने के दौरान छात्रा की दोस्ती फेसबुक पर नवीन राणा नाम के युवक से हुई थी। कुछ दिन बाद नवीन ने अपने साथी वसीम की मदद से दोस्ती का वास्ता देकर उन्हें दिल्ली बुलाया। इसके बाद नवीन और उसका दोस्त शाहनवाज मुजफ्फरनगर लेकर गए। वहां एक मदरसे में ले जाकर उसने अपना असली नाम नावेद बताया और उसे छोड़कर भाग गया। वहां से वह वापस जाने लगी तो मौलाना समेत अन्य आरोपियों ने उनका जबरन धर्म परिवर्तन कराकर मेरठ के मदरसे में बंधक बनाकर रखा। वहां पर मौलाना ने उनका निकाह अधेड़ उम्र के अब्दुल रहमान से कराया गया। अब्दुल रहमान ने उनसे जबरन संबंध बनाए और जब भागने का प्रयास किया तो तीन तलाक दे दिया।

आरोपियों ने वर्ष 2015 में दिल्ली में उनका दूसरा निकाह मोहम्मद मुदस्सिर पठान से कराया और वह उन्हें अहमदाबाद ले गया। वहां पर तीन वर्ष तक बंधक बना कर शोषण किया और फिर तलाक दे दिया। इसके बाद आरोपियों ने जमीयत-ए-उलेमा हिंद से जुड़े खालिद हुसैन से 2018 में उनका निकाह कराया गया। खालिद कुछ समय वहां रखने के बाद उन्हें लोनी लाकर किराए पर रहने लगा।

## द्वारका एक्सप्रेसवे क्षेत्र में एसटीपी और औद्योगिक इकाइयों की जांच, नोटिस

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 08 मई।**



यमुना एक्शन प्लान के तहत हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचएसपीसीबी) द्वारा द्वारका एक्सप्रेसवे और आसपास के क्षेत्रों में स्थित ग्रुप हाउसिंग परियोजनाओं एवं औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण किया गया। यह कार्रवाई एचएसपीसीबी चेयरमैन की अध्यक्षता में हुई बैठक में जारी निर्देशों के अनुपालन में 6 और 7 मई को की गई। निरीक्षण का उद्देश्य आवासीय परियोजनाओं में स्थापित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की कार्यप्रणाली की जांच करना तथा आसपास संचालित अवैध औद्योगिक इकाइयों की पहचान करना था। निरीक्षण के दौरान सेक्टर-111 स्थित लोटस होम्ज अफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग कॉलोनी के एसटीपी में अनियमितताएं पाई गईं। बोर्ड की टीम ने एसटीपी के इनलेट और आउटलेट के सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे हैं। रिपोर्ट आने तक संबंधित इकाई को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। साथ ही पटौदी रोड स्थित हरियाणा मेटल यूनिट को भी नोटिस जारी किया गया है।

## अगले हफ्ते से खुल जाएगा मालिबू टाउन का क्लब हाउस

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 08 मई।** सेक्टर 47 स्थित टाउनशिप मालिबू टाउन का क्लब हाउस अगले हफ्ते से लोगों के लिए खुल जाएगा। निवासी पिछले दो साल से क्लब हाउस के खुलने का इंतजार कर रहे थे। मालिबू आरडब्ल्यूए फेडरेशन के अध्यक्ष विजय शिवनाथ ने बताया कि बृहस्पतिवार को वरिष्ठ नगर योजनाकार (एसटीपी) रेणुका सिंह के साथ एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें निवासी प्रतिनिधियों और इलाके के निगम पार्षद कुलदीप यादव ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य लगभग दो वर्षों से सील पड़े मालिबू क्लब के लिए ऑक्युपेशन सर्टिफिकेट (ओसी) जारी करने की प्रक्रिया में तेजी लाना था। मालिबू एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड (एमईपीएल) द्वारा क्लब के लिए ओसी का आवेदन जनवरी 2026 के अंत में प्रस्तुत किया गया था। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष ने बताया कि सभी औपचारिकताएं और आवश्यक स्वीकृतियां अब पूर्ण हो चुकी हैं। एसटीपी द्वारा दिए गए आश्वासन के अनुसार, क्लब का ऑक्युपेशन सर्टिफिकेट आगामी सोमवार तक जारी होने की संभावना है। निर्देशानुसार एमईपीएल ने पिछले सप्ताह लंबित दस्तावेज एवं भुगतान पूर्ण कर दिए हैं।

## दिनदहाड़े लूट से पुलिस को चुनौती देने वाले बदमाश 24 घंटे बाद भी पकड़ से दूर

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 08 मई।**

डायल-112 रिस्पांस में प्रदेश में अव्वल बताई जाने वाली गाजियाबाद पुलिस को दिनदहाड़े कैश वैन से 27 लाख रुपये लूटकर चुनौती देने वाले बदमाश 24 घंटे बाद भी पकड़ से दूर हैं। बदमाशों के संबंध में अब तक कोई ठोस सुराग पुलिस के हाथ नहीं लगा है। पुलिस अब तक यह भी स्पष्ट नहीं कर सकी है कि बदमाश किस रास्ते से फरार हुए। इससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।

घटना बुधवार दोपहर करीब एक बजे क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में एनएच-9 पर हुई थी। तीन नकाबपोश बदमाश एटीएम में कैश डालने वाली वैन के चालक को आतंकित कर 27 लाख रुपये लूट ले गए थे। इस दौरान चालक वैन में अकेला था, जबकि एक सुरक्षाकर्मी और दो कैशियर एटीएम में कैश डालने गए थे। वारदात के करीब 20 मिनट बाद बदमाश लूटी गई वैन को दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे (डीएमई) पर कुशलिया के पास छोड़कर फरार हो गए। आशंका है कि आरोपी डीएमई से होते हुए हवा-हवाई रेस्टोरेंट के पास चितौड़ा मार्ग से निकल गए। इस रास्ते पर सीसीटीवी कैमरे नहीं होने से पुलिस को जांच में दिक्कत आ रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अगर बदमाश इसी रूट से भागे हैं तो उनके पास भोजपुर टोल या मेरठ परतापुर टोल पार कर निकलने का विकल्प था। एक्सप्रेसवे पर इस दूरी को तय करने में कम से कम 35 मिनट लगा होगा, इसके बावजूद पुलिस घेराबंदी नहीं कर सकी।

**बदमाशों के स्थानीय कनेक्शन की आशंका गहराई**

कुशलिया के पास वैन छोड़ने और सुनियोजित तरीके से फरार होने के तरीके से पुलिस को बदमाशों के स्थानीय कनेक्शन की आशंका है। इससे यह भी साफ है कि घटना की पटकथा काफी पहले लिखी जा चुकी थी। शुरूआती जांच में सामने आया है कि बदमाशों को डीएमई, एनएच-9, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे और आसपास के गांवों के रास्तों की पूरी जानकारी थी। उन्हें यह भी मालूम था कि डीएमई पर नियमित पुलिस चेकिंग नहीं होती। पुलिस ने चितौड़ा मार्ग के आसपास पेट्रोल पंपों और अन्य स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली है।



### अज्ञात बदमाशों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

इंडिया वन कंपनी के कैशियर रजनीश त्रिपाठी की शिकायत पर क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। शिकायत में लूटी गई रकम का उल्लेख नहीं किया गया है। रजनीश ने पुलिस को बताया कि बदमाशों ने चालक को धक्का देकर सड़क किनारे फेंक दिया था और कैश वैन लेकर फरार हो गए। चालक ने फोन कर सुरक्षाकर्मी को घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

## सुकन्या समृद्धि योजना, अप्रैल में खुले 600 से अधिक खाते

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 08 मई।**



बेटियों के उज्ज्वल और सुरक्षित भविष्य के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई सुकन्या समृद्धि योजना जिले में तेजी से लोकप्रिय होती जा रही है। योजना के प्रति लोगों में बढ़ती जागरूकता और आकर्षक ब्याज दर के कारण अभिभावक बड़ी संख्या में अपनी बेटियों के नाम खाते खुलवा रहे हैं। अप्रैल माह में जिलेभर में 600 से अधिक नए खाते खोले गए हैं। डाकघरों में योजना को लेकर लगातार लोगों की भीड़ देखी जा रही है।

अधिकारियों के अनुसार सुकन्या समृद्धि योजना खास तौर पर बेटियों की शिक्षा और विवाह जैसे भविष्य के खर्चों को ध्यान में रखकर शुरू की गई है। इस योजना में कम निवेश के साथ बेहतर रिटर्न मिलने के कारण मध्यम वर्गीय और ग्रामीण परिवार भी बड़ी संख्या में जुड़ रहे हैं। योजना के तहत 10 वर्ष तक की आयु की बेटी के नाम खाता खोला जा सकता है। इसमें सालाना न्यूनतम 250 रुपये और अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक जमा किए जा सकते हैं।

डाक विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पहले की तुलना में अब लोगों में बेटियों की पढ़ाई और भविष्य को लेकर जागरूकता बढ़ी है। यही कारण है कि हर महीने बड़ी संख्या में अभिभावक डाकघरों में पहुंचकर खाते खुलवा रहे हैं। कई परिवार अपनी दूसरी और तीसरी बेटी के नाम भी खाते खुलवा रहे हैं ताकि भविष्य में आर्थिक बोझ कम हो सके। शहर के सेक्टर-14 निवासी राजेश कुमार ने बताया कि उन्होंने अपनी छह साल की बेटी के नाम सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाया है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# वामीका गब्बी ने साझा किया अनुभव



अभिनेत्री वामीका गब्बी इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म का ट्रेलर और गाने पहले ही दर्शकों के बीच उत्साह पैदा कर चुके हैं। इसी बीच वामीका ने फिल्म की शूटिंग के दौरान अपने अनुभव साझा किए और निर्देशक मुदस्सर अजीज तथा अभिनेता आयुष्मान खुराना की जमकर तारीफ की। वामीका गब्बी ने बताया कि यह पहली बार था जब उन्हें मुदस्सर अजीज और आयुष्मान खुराना के साथ काम करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि दोनों बेहद सरल और जमीन से जुड़े इंसान हैं। उनके मुताबिक, सेट पर सकारात्मक माहौल होने की वजह से कलाकार अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाते हैं, और उन्हें भी इस फिल्म में वही बेहतरीन अनुभव मिला। अभिनेत्री ने कहा कि उनके लिए किसी भी फिल्म में निर्देशक और सह-कलाकार सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने बताया कि मुदस्सर अजीज की कॉमेडी और ड्रामा को समझने की क्षमता शानदार है, जो उनकी फिल्मों की स्क्रिप्ट में साफ दिखाई देती है। वहीं, आयुष्मान खुराना के साथ काम करना बेहद सहज रहा क्योंकि दोनों चंडीगढ़ से जुड़े हैं, जिससे शुरूआत से ही अच्छी दोस्ती हो गई थी। फिल्म में आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, रकुल प्रीत सिंह और वामीका गब्बी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म रिश्तों, गलतफहमियों और हास्य से भरी कहानी को बड़े मनोरंजक अंदाज में पेश करती है। फिल्म का निर्माण टी-सीरीज और बीआर स्टूडियोज के बैनर तले किया गया है। इसे भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और रेनू रवि चोपड़ा ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म 15 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।









## 'दादी की शादी' है दिल के बेहद करीबः सादिया खतीब

अपनी अपकमिंग पारिवारिक ड्रामा फिल्म 'दादी की शादी' को लेकर अभिनेत्री सादिया खतीब चर्चा में हैं। हाल ही में सादिया ने बताया कि इस फिल्म की कहानी उनके दिल को इतनी गहराई से छू गई थी कि उन्होंने इसे साइन करने में बिल्कुल भी समय नहीं लगाया। सादिया के मुताबिक, लंबे समय तक गंभीर और इंटेंस किरदार निभाने के बाद वह कुछ अलग और भावनात्मक कहानी का हिस्सा बनना चाहती थीं। सादिया खतीब ने बताया कि जब उन्होंने पहली बार फिल्म की कहानी सुनी, तो उन्हें तुरंत एहसास हो गया कि यह एक खास प्रोजेक्ट है। उन्होंने कहा कि कहानी सुनने के बाद उन्हें हां करने में मुश्किल से एक मिनट लगा होगा। अभिनेत्री ने बताया कि उन्होंने यह फिल्म अपनी पिछली रिलीज 'डिप्लोमैट' से भी पहले साइन कर ली थी। उनके अनुसार लगातार गंभीर भूमिकाएं निभाने के बाद एक कलाकार के तौर पर बदलाव जरूरी हो जाता है और 'दादी की शादी' उनके लिए वही बदलाव लेकर आई।



## अच्छे कलाकार बनने के लिए धैर्य, मेहनत जरूरीः सई मांजरेकर

अभिनेत्री सई मांजरेकर का मानना है कि एक अच्छे कलाकार बनने के लिए धैर्य, मेहनत और सही प्रोजेक्ट का चुनाव बेहद जरूरी होता है। अभिनेत्री का कहना है कि वह ऐसे काम का हिस्सा बनना चाहती हैं, जो लंबे समय तक दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाए रखे। सई मांजरेकर ने हाल ही में मीडिया से अपने करियर और काम करने के तरीके को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि अब उन्हें यह समझ आ गया है कि एक अभिनेता के रूप में खुद को समय देना बहुत जरूरी है। अभिनेत्री के मुताबिक वह मौजूदा ट्रेंड के पीछे भागने में विश्वास नहीं रखतीं, बल्कि ऐसे प्रोजेक्ट चुनना पसंद करती हैं जो उन्हें एक कलाकार के तौर पर आगे बढ़ने और सीखने का अवसर दें। सई ने कहा कि जब कोई काम पूरी ईमानदारी और दिल से किया जाता है, तो उसका असर दर्शकों पर गहरा पड़ता है और लोग उसे लंबे समय तक याद रखते हैं। उनके अनुसार अभिनय केवल कैमरे के सामने आकर संवाद बोलना नहीं है..

## प्रिंस ने विराट का विकेट उन्हीं से मिली टिप्स से लिया

**लखनऊ, यूटर्न/ 08 मई।** लखनऊ सुपरजायंट्स के युवा तेज गेंदबाज प्रिंस यादव ने यहां हुए आईपीएल मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को पहली ही गेंद पर आउट कर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई है। विराट इस मैच में प्रिंस की गेंद को समझ नहीं नहीं पाये।एक प्रकार से देखा जाये तो विराट ने जो कुछ प्रिंस का सिखाया था उसी से प्रिंस ने उन्हें शिकार बन दिया। वहीं जब प्रिंस से विराट के विकेट के बारे में पूछा गया तो उनका जवाब हैरान करने वाला था। उन्होंने बताया, उनसे जब मैं पिछली बार मिला था, तो उन्होंने मुझे गेंदबाजी के लिए कुछ अहम टिप्स दिए थे। उन्होंने विशेष रूप से अपनी लेंथ और लाइन पर ध्यान केंद्रित करने को कहा था। आज मैंने वही किया जिससे मुझे ये अमूल्य विकेट मिला। यह बात सुनकर सभी हैरान थे कि जिस सीख को विराट ने प्रिंस को दिया था, वहीं उसके आउट होने का कारण बनी। आईपीएल के इस सत्र में प्रिंस ने अपने प्रदर्शन से लगातार सभी का ध्यान खींचा है। वह टीम के लिए लगातार विकेट लेकर अपने को साबित करने में सफल रहे हैं। आरसीबी के खिलाफ इस अहम मुकाबले में भी प्रिंस सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। उन्होंने अपने 4 ओवर के स्पेल में केवल 33 रन देकर 3 विकेट लिए, जिसमें विराट का विकेट भी शामिल था। उनकी इस शानदार गेंदबाजी से ही लखनऊ की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 9 रन से जीत दर्ज करने में सफल रही।




## सूर्यकुमार की जगह श्रेयस अय्यर को कप्तान बना सकती है बीसीसीआई : रिपोर्ट

**मुम्बई, यूटर्न/ 08 मई।** भारतीय टी20 विश्वकप क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव की कप्तानी पर खतरा मंडरा रहा है। सूर्यकुमार का प्रदर्शन पिछले कुछ समय से अच्छा नहीं रहा है और वह रनों के लिए संघर्ष करते दिखे हैं। ऐसे में भविष्य की ओर देखते हुए बीसीसीआई चयन समिति उनकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को कप्तानी दे सकती है।एक रिपोर्ट के अनुसार नये कप्तान की दौड़ में श्रेयस अय्यर का नाम सबसे आगे बताया जा रहा है।सूर्या की कप्तानी में भारतीय टीम ने विश्वकप जीता था पर उनका स्वयं का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। ऐसे में माना जा रहा है कि चयन समिति अब उनसे आगे बढ़ना चाहती है। इस भारतीय टीम को इस सत्र में आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ अहम सीरीज खेलनी है, और बीसीसीआई जब इन इन मुकाबलों के लिए टीम घोषित करेगा तो टीम को इस प्रारुप में एक नया कप्तान मिल सकता है। टी20 विश्वकप के अलाव सूर्या आईपीएल में भी बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं। उनके लगातार कमजोर प्रदर्शन के कारण चयनकताओं का मानना है कि अब उन्हें आगे बढ़ने की जरुरत है।

## फटाफट खबरें

### अमेरिका में घर बैठे गर्भपात की दवा मंगाने की राह हुई मुश्किल

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 08 मई।** अमेरिकी अदालत ने उन हजारों महिलाओं के रास्ते में अस्थायी बाधा डाल दी है, जो बिना किसी डॉक्टरी सलाह के गर्भपात की गोली, मिफेप्रिस्टोन घर बैठे हासिल कर लेती थी। अदालत के हालिया फैसले के बाद, महिलाएं अपनी मर्जी से अब पर्चे के बिना गर्भपात की यह दवा ऑनलाइन नहीं मंगा सकेंगी। अमेरिका की 26 वर्षीय एक कामकाजी लड़की, ऐसी ही परिस्थितियों से गुजरी थी। पार्टी के बाद अपने एक दोस्त से उसके अनजाने में शारीरिक संबंध बन गए। कुछ हफ़्तों बाद जब उसका प्रेगनेंसी टेस्ट पॉजिटिव आया, तो उसकी दुनिया हिल गई। उसने सोशल मीडिया पर गर्भपात की गोली खोजी और मिफेप्रिस्टोन के बारे में पढ़ा। बिना किसी डॉक्टर की सलाह के, उसने ऑनलाइन ऑर्डर कर मेल से यह दवा मंगवाई और खा ली। 24 घंटे बाद मिसोप्रोस्टोल भी ली, जिसके बाद कुछ दिनों तक तेज दर्द और ब्लीडिंग हुई, और उसका काम हो गया। रोजी जैसी हजारों महिलाएं पिछले कुछ सालों से अमेरिका में गर्भपात का यही तरीका अपना रही थीं। यूएस कोर्ट ऑफ अपील्स फॉर द फिफ्थ सर्किट ने लुयिसियाना राज्य की याचिका पर यह महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है।

### जर्मन हमले में डूबा अमेरिका का टॉरपीडो जहाज, 107 साल बाद मिला मलबा

#### 1918 से हो रही थी तलाश, 131 जिंदगियों की समुद्र बन गया कब्र

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 08 मई।** 26 सितंबर 1918 की शाम जब दक्षिणी इंग्लैंड के तट के पास एक जर्मन पनडुब्बी ने अमेरिका के जहाज को निशाना बनाया। दुश्मन की नजर में आते ही एक टॉरपीडो दागा गया। कुछ ही पलों में तेज धमाका हुआ और तीन मिनट में अमेरिका का जहाज 'टाम्पा' समंदर की गहराई में समा गया। जहाज पर सवार सभी 131 लोग समुंद्र में समा गए। बहुत तलाश हुई लेकिन समंदर ही उनकी कब्र बनकर रह गया। यह हादसा उस समय अमेरिकी सेना के लिए सबसे बड़ा नौसैनिक नुकसान था। इसके बाद सालों तक यह जहाज और उसमें सवार लोगों का कोई सुराग नहीं मिला। अब 107 साल बाद, इस कहानी का अधूरा अध्याय पूरा हो गया। ब्रिटेन की एक गोताखोर टीम ने कॉर्नवाल तट से करीब 80 किलोमीटर दूर 91 मीटर गहराई में इस मलबे को खोज निकाला। यह टीम पिछले तीन साल से लगातार इसकी तलाश कर रही थी। कई असफल कोशिशों के बाद आखिरकार उन्हें सफलता मिली। इतिहास में टाम्पा के शौर्य के बारे में बताया है। 'टाम्पा' उस दिन एक काफिले को सुरक्षा दे रहा था, लेकिन कोयले की कमी के कारण उसे बीच रास्ते से ही वेल्स की ओर लौटना पड़ा। इसी दौरान जर्मन पनडुब्बी यूबी-41 ने उस पर हमला कर दिया। टॉरपीडो के बाद हुए दूसरे विस्फोट ने जहाज को पूरी तरह तबाह कर दिया। इस जहाज में 111 अमेरिकी कोस्ट गार्ड कर्मी, 4 नौसेना के जवान और 16 ब्रिटिश नागरिक सवार थे। इन सभी की मौत ने उस समय पूरे अमेरिका को झकझोर दिया था। अब जब इस जहाज का मलबा मिल गया है, तो इसे शहीदों का अंतिम विश्राम स्थल माना जा रहा है। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि यह खोज उन लोगों की कुर्बानी को याद करने का एक अहम मौका है। जानकारी के मुताबिक आने वाले समय में आधुनिक तकनीक और रोबोट की मदद से इस मलबे का और गहराई से अध्ययन किया जाएगा।

# सऊदी अरब के इनकार ने ट्रंप की निकाली हेकड़ी, बढ़ेंगी मुश्किलें

### अमेरिका के प्रोजेक्ट फ्रीडम पर लगा ब्रेक

**» रियाद, यूटर्न/ 08 मई।**

पश्चिम एशिया में अपने दबदबे को पुनर्जीवित करने की कोशिशों में जुटे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को एक बड़ा कूटनीतिक और सैन्य झटका लगा है। होर्मुज जलडमरूमध्य (स्ट्रेट ऑफ होर्मुज) को ईरानी नियंत्रण से मुक्त कराने और जहाजों को सुरक्षित रास्ता देने के लिए शुरू किया गया अमेरिकी सैन्य अभियान 'प्रोजेक्ट



फ्रीडम' महज 36 घंटे के भीतर ही रोकना पड़ा है। हालांकि, राष्ट्रपति ट्रंप ने इस मिशन को रोकने का श्रेय पाकिस्तान और अन्य देशों के साथ चल रही शांति वार्ता को दिया है, लेकिन हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है।

ताजा रिपोर्टों के अनुसार, इस मिशन के अचानक रुकने की मुख्य वजह पाकिस्तान का आग्रह नहीं, बल्कि अमेरिका के सबसे भरोसेमंद सहयोगी सऊदी अरब का सख्त रुख है। बताया जा रहा है कि ट्रंप प्रशासन ने इस सैन्य ऑपरेशन का ऐलान करने से पहले खाड़ी देशों को पूरी तरह भरोसे में नहीं लिया था। जब रविवार को अचानक इस मिशन की शुरूआत हुई, तो क्षेत्रीय सहयोग के अभाव में स्थितियां बिगड़ गईं।

### ट्रंप ने फिर धमकाया कहा- 2 मिनट में सब खत्म कर देंगे

स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में अमेरिका और ईरान के बीच हुई ताजा सैन्य झड़पों ने खाड़ी क्षेत्र में तनाव को चरम पर पहुंचा दिया है। इन झड़पों के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को दावा किया कि ईरान के साथ संघर्ष विराम अभी भी कायम है। हालांकि, उन्होंने कड़े शब्दों में ईरान को चेतावनी दी कि वह प्रस्तावित समझौते पर जल्द से जल्द अपनी सहमति जता दे, अन्यथा उसे भविष्य में बड़ी चमक यानी भारी तबाही का सामना करना पड़ेगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने तीन अमेरिकी युद्धपोतों पर ईरान द्वारा किए गए हमलों को ज्यादा तवज्जो न देते हुए इन्हें अमेरिका की शक्ति के सामने बौना बताया। उन्होंने दावा किया कि ईरानी मिसाइलों, ड्रोन्स और नौकाओं को महज दो मिनट के भीतर नष्ट कर दिया गया। ट्रंप ने कहा, ईरान ने हमसे पंगा लिया और हमने उन्हें उड़ा दिया।

### स्किल्ड वर्कर्स माइग्रेशन के लिए भारत पसंदीदा देशः जर्मन अधिकारी

**संयुक्त राष्ट्र, यूटर्न/ 08 मई।** जर्मनी के बहुपक्षीय मामलों के कमिश्नर फ्लोरियन लाउडी के अनुसार, जर्मनी की देश-विशिष्ट माइग्रेशन पॉलिसी के तहत भारत पसंदीदा देश है।



उन्होंने भारत को स्किल्ड वर्कर्स के सबसे महत्वपूर्ण सोर्स में से एक बताया। गुरुवार को भारत के यूएन मिशन द्वारा आयोजित 'माइग्रेशन गवर्नेंस में डिजिटल इनोवेशन का फायदा उठाना' विषय पर आधारित कार्यक्रम में लॉडी ने कहा कि दोनों देशों के बीच बेहतरीन सहयोग एक 'ट्रिपल विन' है- माइग्रेंट्स के लिए, मेजबान जर्मनी के लिए जहां श्रमिकों की कमी है, और भारत के लिए जिसके पास बड़ी संख्या में कार्यबल उपलब्ध है। उन्होंने कहा, 'यह उन हजारों युवा भारतीय श्रमिकों के लिए जीत है जो जर्मनी आए हैं। मैं इसे हर दिन बर्लिन की सड़कों पर देखता हूं। कुल मिलाकर, जर्मनी में भारतीय माइग्रेंट्स बेहद क्वालिफाइड हैं, खासकर साइंस और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में। उनकी असाधारण योग्यता उनकी औसत आय में भी दिखती है, जो जर्मनी की औसत आय से अधिक है।' उन्होंने कहा, 'अकेले 2025 में 1,80,000 भारतीयों ने जर्मनी के वर्कफोर्स में योगदान दिया है, जो पिछले दस वर्षों में 656 फीसदी की बढ़ोतरी दर्शाती है।' उन्होंने कहा, 'भारत, जर्मनी के खास राजनीतिक और आर्थिक साझेदारों में से एक बन गया है, क्योंकि हम स्वतंत्रता, लोकतंत्र और नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था जैसी साझा मूल्यों और हितों को महत्व देते हैं।'

# दो ब्रिटिश नागरिकों में हंता वायरस संक्रमण की पुष्टि

### डब्ल्यूएचओ ने कहा- कोविड जैसी महामारी का खतरा नहीं

**» लंदन, यूटर्न/ 08 मई।**



दक्षिण अटलांटिक महासागर के ट्रिस्टन दा कुन्हा द्वीप पर दो ब्रिटिश नागरिकों में हंता वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई है, जबकि एक अन्य व्यक्ति में संक्रमण होने का शक है। यह जानकारी शुक्रवार को यूके हेल्थ सिक्योरिटी एजेंसी ने दी।

एजेंसी ने बताया कि फिलहाल क्रूज शिप 'एमवी होंडियस' पर मौजूद किसी भी ब्रिटिश यात्री या क्रू में बीमारी के लक्षण नहीं दिख रहे हैं, लेकिन सभी की कड़ी निगरानी की जा रही है। जहाज के ब्रिटेन लौटने पर सभी ब्रिटिश यात्रियों और क्रू मेंबर्स से 45 दिनों तक आइसोलेट रहने के लिए कहा जाएगा। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, जब यह जहाज रविवार को स्पेन के टेनेरिफ बंदरगाह पहुंचेगा, तब ब्रिटिश सरकार के कर्मचारी वहां मौजूद रहेंगे, ताकि उतरने वाले ब्रिटिश नागरिकों की मदद की जा सके। एजेंसी ने यह भी बताया कि सात ब्रिटिश नागरिक 24 अप्रैल को साउथ अटलांटिक के सेंट हेलेना द्वीप पर जहाज से उतरे थे। इनमें से दो लोग ब्रिटेन लौट चुके हैं और घर पर आइसोलेशन में हैं। अभी तक उनमें संक्रमण के कोई लक्षण नहीं मिले हैं।

बाकी चार लोग अभी सेंट हेलेना में हैं, जबकि सातवें व्यक्ति का पता ब्रिटेन के बाहर लगाया गया है। गुरुवार को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बताया कि 'एमवी होंडियस' जहाज पर मिले आठ मामलों में से पांच में हंता वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई है, जबकि बाकी तीन मामलों को संदिग्ध माना गया है। डब्ल्यूएचओ ने यह भी साफ किया कि यह खतरनाक हंता वायरस संक्रमण 'कोविड जैसी नई महामारी की शुरूआत' नहीं है और आम लोगों के लिए इसका खतरा फिलहाल कम है। इसी बीच, अमेरिका के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) ने इस हंता वायरस स्थिति को 'लेवल 3' इमरजेंसी घोषित किया है, जो सबसे निचला स्तर होता है। एबीसी न्यूज की गुरुवार की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

## फोटो स्टोरी



**ताइवान की राजधानी ताइपे में राष्ट्रपति लाई चिंग इन पराग्वे के राष्ट्रपति सेंटियागो पेना के स्वागत समारोह में उनके साथ चलते हुए।**

### अमेरिकी कोर्ट का ट्रंप को झटका- 10 प्रतिशत टैरिफ किया रद्द!

**तेहरान, यूटर्न/ 08 मई।** ईरान और अमेरिका के बीच जारी भू-राजनीतिक तनाव के बीच पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आर्थिक नीतियों को एक बड़ा कानूनी झटका लगा है। अमेरिकी फेडरल कोर्ट ने वैश्विक स्तर पर लगाए गए 10 प्रतिशत के आयात शुल्क (टैरिफ) को अवैध करार देते हुए रद्द कर दिया है। अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय व्यापार अदालत ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि 24 फरवरी 2026 को लागू किया गया यह टैरिफ 1974 के व्यापार अधिनियम की धारा 122 के तहत कानूनी रूप से उचित नहीं है। यह नया आयात शुल्क उस समय लगाया गया था जब अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप प्रशासन के पिछले व्यापक टैरिफ को रद्द कर दिया था। सरकार के इस फैसले के खिलाफ 24 राज्यों और कई छोटे व्यापारियों ने अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

### ईरान ने कहा- यूएस ने हमारे तेल टैंकर उड़ा दिए, हम जवाब देंगे

**» तेहरान, यूटर्न/ 08 मई।**

ईरान और अमेरिका के बीच तनाव एक बार फिर चरम पर पहुंच गया है। ईरान ने अमेरिकी सेना पर ओमान की खाड़ी में उसके तेल टैंकरों को निशाना बनाकर सीजफायर तोड़ने का गंभीर आरोप लगाया है। ईरान ने स्पष्ट किया है कि वह इन हमलों को बर्दाश्त नहीं करेगा और बिना किसी हिचकिचाहट के अमेरिकी कार्रवाई का करारा जवाब दिया जाएगा।

खातम अल-अंबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर के प्रवक्ता के अनुसार, अमेरिकी सेना ने जास्क के पास ईरानी समुद्री क्षेत्र से होर्मुज जलडमरूमध्य की ओर जा रहे एक तेल टैंकर को निशाना बनाया। इसके अलावा, फुजैरा बंदरगाह के पास जलडमरूमध्य में प्रवेश कर रहे एक अन्य जहाज पर भी हमला किया गया। प्रवक्ता ने यह सनसनीखेज दावा भी किया कि कुछ क्षेत्रीय देशों के सहयोग से बंदर खामिर, सिरिक और केशम द्वीप के तटीय नागरिक इलाकों पर हवाई हमले किए गए हैं। हालांकि, इन हमलों में हुई क्षति या जनहानि की अभी



तक स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है।

यह विवाद ऐसे समय में सामने आया है जब दोनों देशों के बीच एक अस्थायी समझौते पर बातचीत की खबरें आ रही थीं।

बताया जा रहा है कि दोनों पक्ष 30 दिनों तक सैन्य संघर्ष रोकने और होर्मुज जलडमरूमध्य को व्यावसायिक जहाजों के लिए फिर से खोलने के एक प्रारंभिक फ्रेमवर्क पर चर्चा कर रहे हैं। इस प्रस्तावित समझौते का उद्देश्य स्थायी समाधान के लिए बातचीत का रास्ता साफ करना था। हालांकि, बातचीत की राह में अब भी कई बड़े रोड़े अटके हुए हैं। सबसे बड़ा विवाद ईरान के परमाणु कार्यक्रम और संवर्धित यूरेनियम के भंडार को लेकर है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *